सोमवार, 7 जुलाई 2025

मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 30 |
| आर्द्रता | 88% |
| सूर्योदय: 4:57 | सूर्यास्त: 18:25 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ शुक्लपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : लोग गिरे हुए सिर्फ पैसे उठाते हैं, इंसान को खुद उठना पड़ता है।



मैं बिहार विधानसभा चुनाव लड़ूंगा, सरकारी नौकरियों के लिए अधिवास नीति लागू हो : चिराग पासवान पृष्ठ 6

# 21वीं सदी के सॉफ्टवेयर को 20वीं सदी के टाइपराइटर से नहीं चलाया जा सकता: मोदी




**रियो डी जेनेरियो :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रमुख वैश्विक निकायों में सुधार पर जोर देते हुए रविवार को कहा कि 'ग्लोबल साउथ' अक्सर ''दोहरे मानदंडों'' का शिकार हुआ है और विश्व अर्थव्यवस्था में प्रमुख योगदान देने वाले राष्ट्रों को निर्णय लेने वाले मंच पर जगह नहीं मिल पाती है। वैश्विक शासन में सुधार पर आयोजित सत्र में अपने संबोधन में मोदी ने विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, विश्व व्यापार संगठन और प्रमुख वित्तीय निकायों में सुधार पर जोर देते हुए कहा कि इनमें विश्व की वर्तमान वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) के युग में, जहां प्रौद्योगिकी हर सप्ताह विकसित होती है, वैश्विक संस्थाओं का 80 साल तक बिना सुधार के चलना अस्वीकार्य है। आप 20वीं सदी के टाइपराइटरों पर 21वीं सदी का सॉफ्टवेयर नहीं चला सकते। उन्होंने कहा कि 'ग्लोबल साउथ' के बिना ये संस्थाएं ऐसे मोबाइल फोन की तरह लगती हैं, जिनके अंदर 'सिम कार्ड' तो लगा हुआ है, लेकिन नेटवर्क नहीं है। ब्राजील के समुद्र तटीय शहर में समूह के दो-दिवसीय वार्षिक शिखर सम्मेलन के पहले दिन ब्रिक्स के शीर्ष नेताओं ने विश्व के समक्ष उपस्थित विभिन्न चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन ने शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लिया। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन और मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल-फतह अल-सिसी भी सम्मेलन में शामिल नहीं हुए। ब्रिक्स एक प्रभावशाली समूह के रूप में उभरा है क्योंकि यह विश्व की 11 प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एकसाथ लाता है, जो वैश्विक जनसंख्या का लगभग 49.5 प्रतिशत, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 40 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का लगभग 26 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ग्लोबल साउथ अक्सर दोहरे मानदंडों का शिकार हुआ है। चाहे वह विकास का मुद्दा हो, संसाधनों के वितरण या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों का मामला हो। पहले पूर्ण सत्र में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने इस बात पर अफसोस जताया कि जलवायु वित्त, सतत विकास और प्रौद्योगिकी तक पहुंच जैसे मुद्दों पर 'ग्लोबल साउथ' को अक्सर आश्वासन के अलावा कुछ नहीं।

# बर्मिंघम का किला फतह, भारत ने टेस्ट में रनों के लिहाज से हासिल की अपनी चौथी बड़ी जीत

## विदेश में टेस्ट जीतने वाले भारत के सबसे युवा कप्तान बने गिल, गावस्कर का 49 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा



**बर्मिंघम :** भारतीय टीम ने बल्लेबाजों के बाद आकाश दीप की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट मैच में 336 रनों से हराया। भारत ने इस तरह पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है। भारत के लिए यह बर्मिंघम में ऐतिहासिक जीत है क्योंकि इससे पहले टीम ने यहां पर कभी कोई टेस्ट मैच नहीं जीता था। शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टीम ने बर्मिंघम का तिलिस्म तोड़ा और एजबेस्टन में तिरंगा लहरा दिया। भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाए थे और इंग्लैंड को 407 रन पर आउट कर 180 रनों की बड़ी बढ़त हासिल कर ली थी। भारत ने शुभमन गिल के शतक की मदद से दूसरी पारी छह विकेट पर 427 रन बनाकर घोषित की थी और कुल 607 रनों की बढ़त हासिल कर इंग्लैंड के सामने 608 रनों का लक्ष्य रखा था। इंग्लैंड की दूसरी पारी पांचवें दिन 271 रन पर ऑलआउट हुई और भारत ने जीत हासिल की।

# अपनी मातृभाषा में पढ़ाई करने से व्यक्ति में मजबूत मूल्यों का विकास होता है: सीजेआई गवई



**मुंबई :** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) भूषण गवई ने रविवार को कहा कि अपनी मातृभाषा में पढ़ाई करने से व्यक्ति में अवधारणा के स्तर पर समझ बढ़ती है और जीवन के लिये मजबूत मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने मुंबई के एक मराठी-माध्यम स्कूल में अपने छात्र दिनों को याद किया। सीजेआई ने अपने पूर्व संस्थान 'चिकित्सक समूह शिरोडकर स्कूल' की कक्षाओं का दौरा किया और अपने पुराने सहपाठियों के साथ बातचीत की। सीजेआई ने इसी संस्थान में प्राथमिक से माध्यमिक स्तर तक की पढ़ाई पूरी की। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि उन्होंने अपने शुरुआती जीवन को आकार देने वाले शिक्षकों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, ''आज मैं जिस भी मुकाम पर पहुंचा हूं, उसमें मेरे शिक्षकों और इस स्कूल की अहम भूमिका रही है। यहां मुझे जो शिक्षा और मूल्य मिले, उन्होंने मेरे जीवन को दिशा दी। सार्वजनिक भाषण में मेरी यात्रा इसी मंच से शुरू हुई। भाषण प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से, मैंने आत्मविश्वास हासिल किया। मैं आज जो कुछ हूं, यह उन अवसरों की वजह से ही हूं।'' मराठी माध्यम में अपनी स्कूली शिक्षा को याद करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अपनी मातृभाषा में अध्ययन करने से अवधारणा के स्तर पर बेहतर समझ विकसित होती है तथा व्यक्ति में मजबूत मूल्य विकसित होते हैं, जो जीवन भर आपके साथ रहते हैं।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## नौ जुलाई से पहले भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते पर गेंद वाशिंगटन के पाले में

**नयी दिल्ली :** भारत ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते के लिए कृषि और डेयरी जैसे क्षेत्रों में प्रमुख मुद्दों पर अपनी सीमाएं तय कर दी हैं, इसलिए अब सौदे को अंतिम रूप देने की जिम्मेदारी वाशिंगटन के हाथ में है। सूत्रों ने बताया कि अगर मुद्दे सुलझ जाते हैं, तो नौ जुलाई से पहले अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा की जा सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत सहित दर्जनों देशों के लिए 90-दिवसीय शुल्क निलंबन भी इसी दिन खत्म हो रहा है। उन्होंने कहा, भारत ने अपनी सीमाएं तय कर दी हैं... अब गेंद अमेरिका के पाले में है। दोनों देशों ने फरवरी में द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए बातचीत शुरू करने की घोषणा की थी। उन्होंने इस साल की शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक बीटीए के पहले चरण को पूरा करने की समयसीमा तय की। उससे पहले, दोनों पक्ष अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। दो अप्रैल को अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त जवाबी शुल्क लगाया, लेकिन इसे 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया। हालांकि, अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत मूल शुल्क अभी भी लागू है। भारत इस 26 प्रतिशत शुल्क से पूरी छूट चाहता है।

## एलन मस्क ने की अमेरिका में नयी राजनीतिक पार्टी के गठन की घोषणा




**न्यूयॉर्क :** अमेरिकी अरबपति एलन मस्क ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मतभेद के बाद अमेरिका के लोगों को उनकी आजादी वापस दिलाने के लिए एक नयी राजनीतिक पार्टी बनाई है। मस्क ने अपने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर घोषणा की कि उन्होंने देश में दो-पक्षीय प्रणाली को चुनौती देने के लिए 'अमेरिका पार्टी' का गठन किया है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आपको आपकी स्वतंत्रता वापस दिलाने के लिए आज 'अमेरिका पार्टी' का गठन किया गया है।' टेस्ला और स्पेसएक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा, 'जब हमारे देश को बर्बादी और भ्रष्टाचार से दिवालिया बनाने की बात आती है तो हम लोकतंत्र में नहीं, एक पार्टी प्रणाली होते में हैं।' मस्क ने हालांकि यह नहीं बताया कि पार्टी कहां पंजीकृत हो सकती है। कानूनी रूप से पार्टी बनाने के लिए उसका संघीय चुनाव आयोग (एफईसी) में पंजीकरण कराना होता है। सीएनएन ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि एफईसी की हालिया फाइलिंग में ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है। मस्क ने पहली बार पार्टी बनाने की संभावना ट्रंप के साथ अपने सार्वजनिक विवाद के दौरान उठाई थी। इसके बाद उन्होंने सरकारी दक्षता विभाग का अपना जिम्मा छोड़ दिया था। ट्रंप और मस्क के बीच सोशल मीडिया पर काफी तकरार देखने को मिली थी।

## भारतीयों को अब बिना ट्रेड लाइसेंस या संपत्ति खरीद के मिल सकेगा यूएई का गोल्डन वीजा

**दुबई :** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सरकार ने नामांकन पर आधारित एक नए प्रकार का गोल्डन वीजा शुरू किया है जिसमें कुछ शर्तें होंगी जो दुबई में संपत्ति या व्यवसाय में बड़ी मात्रा में निवेश करने की वर्तमान प्रक्रिया से अलग हैं। भारतीयों के लिए अबतक दुबई का गोल्डन वीजा पाने का एक तरीका यह था कि संपत्ति में निवेश किया जाए, जिसका मूल्य कम से कम 4.66 करोड़ रुपये हो या देश में व्यापार में बड़ी राशि का निवेश किया जाए। लाभार्थियों और प्रक्रिया में शामिल लोगों ने 'पीटीआई भाषा' को बताया कि नयी नामांकन-आधारित वीजा नीति के तहत भारतीय अब लगभग 23.30 लाख रुपये का शुल्क देकर आजीवन यूएई के गोल्डन वीजा का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि तीन महीने में 5,000 से अधिक भारतीय इस नामांकन-आधारित वीजा के लिए आवेदन करेंगे। इस वीजा परीक्षण के प्रथम चरण के लिए भारत और बांग्लादेश को चुना गया है तथा भारत में नामांकन-आधारित गोल्डन वीजा के प्रारंभिक स्वरूप का परीक्षण करने के लिए रायद ग्रुप नामक कंसल्टेंसी को चुना गया है।

## संघ ने तीन-दिवसीय बैठक में धर्मांतरण और जनसांख्यिकीय 'असंतुलन' पर चर्चा की

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रांत प्रचारकों की तीन-दिवसीय वार्षिक बैठक में धर्मांतरण और जनसंख्या वृद्धि में आनुपातिक अंतर के कारण उत्पन्न जनसांख्यिकीय असंतुलन सहित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। यह बैठक रविवार को यहां संपन्न हो गई। सूत्रों के अनुसार, बैठक में जहां संगठनात्मक मामलों और संघ के शताब्दी वर्ष की योजनाओं पर ध्यान दिया गया, वहीं संगठन ने देश के सामने मौजूद विभिन्न आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श किया। यह बैठक यहां शुक्रवार को शुरू हुई थी और संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा प्रतिनिधियों को संबोधित करने के साथ इसका समापन हुआ। सूत्रों ने बताया कि बैठक में कनाडा और अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर हाल ही में हुए हमलों के साथ-साथ बांग्लादेश में हिंदुओं एवं अन्य धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों के खिलाफ ''निरंतर हिंसा'' पर भी चिंता जताई गई। उन्होंने बताया कि बैठक में देश के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर विचार-विमर्श करते हुए क्षेत्रीय, भाषाई और जातिगत आधार पर समाज में विभाजन पैदा करने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी गौर किया गया तथा देश में सामाजिक सद्भाव और एकता को बढ़ावा देने की रणनीति पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधियों ने मणिपुर की स्थिति पर भी चर्चा की, जहां मेइती और कुकी समुदायों के बीच जातीय संघर्ष हुआ था।

## सीए फाइनल में राजन काबरा टॉपर बने, फाउंडेशन में वृंदा अग्रवाल ने मारी बाजी

| परीक्षा | रैंक | नाम |
|---|---|---|
| सीए फाउंडेशन | 1 | वृंदा अग्रवाल |
| | 2 | यदनेश राजेश नारकर |
| | 3 | शार्दुल शेखर विचारे |
| सीए इंटरमीडिएट | 1 | दिशा आशीष गोखरू |
| | 2 | देवीदान यश संदीप |
| | 3 | यामिश जैन |
| | 3 | निलय डांगी |
| सीए फाइनल | 1 | राजन काबरा |
| | 2 | निष्ठा बोथरा |
| | 3 | मानव राकेश शाह |

**नयी दिल्ली :** सीए फाउंडेशन 2025 परीक्षा में इस बार कुल 82,662 उम्मीदवार शामिल हुए, जिनमें से 12,474 ने सफलता प्राप्त की, जिससे कुल पास प्रतिशत 15.09% रहा। लिंग के आधार पर देखें तो पुरुष उम्मीदवारों की संख्या 43,389 थी, जिनमें से 7,056 सफल हुए और उनका पास प्रतिशत 16.26% रहा। वहीं, महिला उम्मीदवारों की संख्या 39,273 रही, जिनमें से 5,418 ने परीक्षा उत्तीर्ण की और उनका पास प्रतिशत 13.80% दर्ज किया गया। परीक्षा देशभर के 551 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई थी। सीए फाइनल परीक्षा परिणाम 2025 में इस बार ग्रुप-ख में कुल 66,943 उम्मीदवार उपस्थित हुए, जिनमें से केवल 14,979 परीक्षार्थी ही सफल हो पाए। इस प्रकार ग्रुप-ख का पास प्रतिशत 22.38% रहा। वहीं, ग्रुप-खख में 46,173 उम्मीदवार शामिल हुए, जिनमें से 12,204 ने परीक्षा पास की और इस ग्रुप का पास प्रतिशत 26.43% रहा। वहीं उन उम्मीदवारों की बात करें जिन्होंने दोनों ग्रुप की परीक्षा एक साथ दी, उनकी संख्या 29,285 थी। इनमें से केवल 5,490 परीक्षार्थी ही दोनों ग्रुप में सफल हो पाए, जिससे इस श्रेणी का पास प्रतिशत 18.75% रहा। मई 2025 की सीए इंटरमीडिएट परीक्षा के समूह-ख में कुल 97,034 छात्र परीक्षा में बैठे, जिनमें से 14,232 उम्मीदवार सफल घोषित किए गए। इसका पास प्रतिशत 14.67% रहा, जो पिछले वर्षों के औसत के आसपास है। वहीं समूह-खख में 72,069 परीक्षार्थियों में से 15,502 ने सफलता प्राप्त की, जिससे इस समूह का पास प्रतिशत 21.51% रहा, जो समूह-ख की तुलना में बेहतर है। दोनों समूहों में कुल 38,029 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी, लेकिन इनमें से केवल 5,028 ही दोनों ग्रुप में सफल हो सके। इसका मतलब है कि सिर्फ 13.22% छात्र ही दोनों समूहों में पास हो पाए।

## बिहार मतदाता सूची संशोधन के खिलाफ न्यायालय में कई याचिकाए

### ईसी ने कहा- प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं

**नयी दिल्ली/पटना :** चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विवाद उस समय और गहरा गया जब तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता मनोज झा और कई गैर-सरकारी संगठनों ने निर्वाचन आयोग के आदेश को रद्द करने का अनुरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि आयोग का यह आदेश संविधान का उल्लंघन करता है। हालांकि निर्वाचन आयोग (ईसी) ने रविवार को एक बयान जारी करके स्पष्ट किया कि उसने पुनरीक्षण प्रक्रिया पर अपने निर्देशों में कोई बदलाव नहीं किया है।

## पंजाब : विभिन्न दलों के सिख नेताओं ने दिलजीत दोसांझ का समर्थन किया



**चंडीगढ़ :** गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी 3' में पाकिस्तानी अभिनेत्री हनिया आमिर को भूमिका दिये जाने को लेकर उठे विवाद के बीच, विभिन्न दलों के सिख नेताओं ने दोसांझ का समर्थन किया है और उनकी नागरिकता रद्द करने की मांग को अनुचित करार दिया है। ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन (एआईसीडब्ल्यूए) और फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज (एफडब्ल्यूआईसीई) जैसे कर्मचारी संघों ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर आमिर के साथ काम करने के लिए दोसांझ की आलोचना की है। एफडब्ल्यूआईसीई ने मांग की है कि दोसांझ की नागरिकता रद्द की जाए। कई सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने भी पंजाबी फिल्मों के अभिनेता और संगीतकार पर रोक लगाने की मांग की है। नेताओं ने भारत में फिल्म को रिलीज करने की अनुमति देने की अपील नहीं की है, लेकिन उन्होंने दोसांझ की भारतीय नागरिकता रद्द करने की कुछ लोगों की मांग का विरोध किया है। दोसांझ की फिल्म को विदेश में रिलीज कर दिया गया है। कांग्रेस के प्रताप सिंह बाजवा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आर पी सिंह और आम आदमी पार्टी (आप) के कुलतार संधवान सहित विभिन्न नेता दोसांझ के समर्थन में सामने आए हैं।

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
Chamber : Plot No 332, Laketown
Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com

Four Square by Basu Hotel

ENJOY A JOYFULL EXPERIENCE






A Fresh Reason to Return...!

- Specious Room with Beautiful Ambiance
- Wi-Fi Connectivity Rooms
- Swimming Pool/ Kids Pool/ Pool Party
- Office Functions & Party Space Available
- Dining Area
- In House Restaurants
- Non-Smoking Rooms
- Kids Play Zone
- Travel Desk
- Led TV with Exhaustive Channel List
- STD/ISD Calling Facility
- Lavatories
- 24 Hrs Bell Desk/ Room Service
- 24 Hrs Security/ CCTV
- Wake-up Call Facility
- Coffee Corner Round the Clock

2 Minutes Away from NEW DIGHA RAILWAY STATION

PICKUP & DROP FACILITY AVAILABLE



Four Square by Basu Hotel

PLOT NO-79, N 2 SECTOR, NEW DIGHA
For Booking call Mr. Tamal Das : M.: 90 8325 0083/ 82 9653 8545
For Enquiry call Mr. Uday Shaw : M.: 98300 17241

THIS HOTEL BELONGS TO SHAW GROUP OF HOTELS

## पहाड़ों की प्रकृति के अनुरूप हो विकास

हालिया मानसूनी बारिश और मौसमी विक्षोभ की जुगलबंदी से हिमाचल के कई इलाकों में तबाही का जो भयावह मंजर उभरा, उसे हमें कुदरत के सबक के तौर पर देखना चाहिए। बड़ी संख्या में लोगों की मौत व लापता होने के साथ ही अरबों रुपये की निजी व सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ है। निश्चय ही हाल के वर्षों में बारिश के पैटर्न में बदलाव आया है और बारिश की तीव्रता बढ़ी है। लगातार बादल फटने के बाद भयावह मंजर हमारे सामने उभरा है। निश्चय ही पूरी दुनिया में ग्लोबल वॉर्मिंग के चलते मौसम के बिगड़े तेवर नजर आ रहे हैं, लेकिन पहाड़ों में जल-प्रलय सी आपदा का मंजर निश्चय ही भयावह है। वैज्ञानिकों को इस तथ्य पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि पहाड़ों में बादल फटने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि क्यों हुई है। इस साल की मानसूनी बारिश में मंडी जिले में बादल फटने की घटनाओं ने बुनियादी ढांचे, घरों,सड़कों और बगीचों को जिस तरह से नुकसान पहुंचाया है, उसने पहाड़ों में विकास के स्वरूप को लेकर फिर नये सिरे से बहस छेड़ दी है। राज्य के तमाम महत्वपूर्ण राजमार्ग भूस्खलन और अतिवृष्टि से बाधित रहे हैं। कांगड़ा घाटी में ऐतिहासिक रेल परिवहन को स्थगित करना पड़ा है। शिमला के पास एक बहुमंजिला इमारत के भरभरा कर गिरने के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने भयभीत किया। यहां ढली इलाके में कई इमारतें गंभीर खतरे की जद में आ चुकी हैं। निश्चय ही मौसम के मिजाज में तल्खी नजर आ रही है लेकिन इस संकट के मूल में कहीं न कहीं अवैज्ञानिक विकास, खराब आपदा प्रबंधन और निर्माण में पारिस्थितिकीय ज्ञान की उपेक्षा भी निहित है। जिसने इस संकट को और अधिक बढ़ाया है। दरअसल, पानी के प्रवाह के जो प्राकृतिक रास्ते थे, हमने उन पर बहुमंजिली इमारतें खड़ी कर दी हैं। हमने अपेक्षाकृत नयी हिमालयी पर्वतमालाओं पर इतना भारी-भरकम विकास व निर्माण लाद दिया कि वे इस बोझ को सहन नहीं कर पा रही हैं।

वास्तव, में हिमाचल व उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में अतिवृष्टि से आपदा का जो भयावह मंजर उभर रहा है, उसके मूल में सिर्फ जलवायु परिवर्तन ही मुख्य कारक नहीं है। दरअसल, इस तबाही के मूल में हमारी नाजुक हिमालयी पारिस्थितिकीय तंत्र के प्रति बड़ी लापरवाही भी है। विकास के नाम पर हमने पहाड़ों को काटकर चौड़ी सड़कें बना दी और इससे लगते पहाड़ों की जड़ें खोखली कर दी,जिससे भूस्खलन की गति अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है। इस तथाकथित विकास के नाम पर हमने उन सीढ़ीनुमा रास्तों को दरकिनार कर दिया, जो पहाड़ों को मजबूती देते थे। इस तरह हमने परंपरागत हल्की छत वाले घरों के बजाय भारी-भरकम कंक्रीट की छतों वाले घरों को प्राथमिकता दी है। हिमाचल में लाहौल-स्पीति को जोड़ने वाली अटल सुरंग इंजीनियरिंग का चमत्कार हो सकती है, लेकिन इसके अवरोध के बाद पुरानी रोहतांग दर्रा सड़क पर वापसी साबित करती है कि आपातकालीन योजना ने बुनियादी ढांचे के विस्तार के साथ तालमेल नहीं रखा है। इसी तरह कांगड़ा घाटी में रेल यात्रा में व्यवधान विरासत के बुनियादी ढांचे के प्रति आधिकारिक उदासीनता को ही दर्शाता है। यह रेलवे लाइन अभी दूर-दराज के इलाकों के लिये जीवन रेखा जैसी ही है। शिमला के ढली के पास खराब निर्माण और लापरवाही ने कई इमारतों और लोगों के जीवन को संकट में डाल दिया है। जो हमारे अवैज्ञानिक विकास की कीमत चुका रहे हैं। दरअसल,हमें अतीत की आपदाओं से सबक लेकर भविष्य की विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार करनी होगी। पहाड़ों की संवेदनशीलता को देखते हुए नये सिरे से निर्माण के मानक तय करने होंगे। वहीं दैनिक जल निकासी और बरसाती पानी के प्रवाह के लिये वैज्ञानिक ढंग से व्यवस्था करनी होगी। निश्चित रूप से पहाड़ों में लगातार बढ़ती जनसंख्या और बुनियादी ढांचे में पहाड़ की प्राथमिकताओं को नजरअंदाज करने की कीमत हम चुका रहे हैं। भविष्य में ऐसी आपदाओं को टालने के लिये अतीत के सबक सीखकर हमें विकास के नये मानक तय करने होंगे। हमें मानना होगा कि पहाड़ विलासिता के लिये प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवनयापन के लिये होते हैं।

# न्यायालय में निर्णायक मोड़ लेता श्रीकृष्ण जन्मभूमि मसला



ललित गर्ग

मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई में, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्मभूमि परिसर में स्थित शाही ईदगाह मस्जिद को 'विवादित संरचना' घोषित करने की हिंदू पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में अदालती रिकॉर्ड और आगे की सभी कार्यवाहियों में मस्जिद को आधिकारिक रूप से विवादित स्थल के रूप में दर्ज करने की मांग की गई थी। अदालत ने मौखिक रूप से याचिका खारिज करते हुए कहा कि इस संबंध में हिंदू पक्ष द्वारा दायर आवेदन को इस चरण में खारिज किया जा रहा है। इस फैसले को लंबे समय से चली आ रही कानूनी लड़ाई में मुस्लिम पक्षकार भले ही राहतकारी माने, लेकिन न्यायिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक अस्मिता के संघर्ष में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह भूमि विवाद पर जो भी फैसला अंतिम रूप से आएगा, वह बहुत प्रभावी होगा, न्यायसंगत होगा। अतः ऐसे किसी पुख्ता फैसले तक पहुंचते हुए पूरी सावधानी एवं धैर्य से आगे बढ़ना चाहिए। इस फैसले से इस विवाद में एक नया रुख सामने आया है, जो महत्वपूर्ण और विचारणीय है।

याचिका में यह मांग की 'शाही ईदगाह मस्जिद' शब्द की जगह 'विवादित ढांचा' शब्द का इस्तेमाल किया जाए, अगर यह शाब्दिक बदलाव किया जाता, तो एक तरह से यह इस विवाद पर निर्णायक फैसले जैसा होता। जिससे अनावश्यक विवाद या अड़चन की संभावनाएं पनपती। यह विवाद राजनीति मोड़ भी ले सकता था, निश्चित ही अगर राजनीति होगी, तो अंतिम फैसले में अनावश्यक रूप से समय लगेगा। साथ ही, अशांति की आशंका भी बढ़ेगी। इसलिये अदालत के फैसले को सकारात्मक नजरिये से देखा जाना चाहिए। नए नामकरण की यह कोशिश उच्च न्यायालय में अगर नाकाम हुई है, तो कोई अचरज नहीं, ना ही किसी पक्ष की जीत और किसी पक्ष की हार है। इतने संवेदनशील मसले में यह नामकरण पूरे मुकदमे को प्रभावित करता, अतः अदालत ने समझदारीपूर्ण सही फैसला किया है। 'श्रीकृष्ण जन्मभूमि' का स्थान न केवल करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है, बल्कि भारतीय संस्कृति और इतिहास का अमिट प्रतीक भी है। परंतु, इसी पवित्र स्थल पर स्थित शाही ईदगाह मस्जिद के साथ एक लंबे समय से विवाद चला आ रहा है जो अब न्यायालय की चौखट पर निर्णायक मोड़ लेता दिखाई दे रहा है।

जन्मभूमि पक्ष के याचिकाकर्ताओं का यह दावा है कि शाही ईदगाह मस्जिद भगवान श्रीकृष्ण के जन्मस्थान पर स्थित है, अतः जन्मभूमि पक्ष को भूमि पर कब्जा दिया जाए। मस्जिद के ढांचे को हटाया जाए, मूल मंदिर का निर्माण हो, वहां मुस्लिम मजहबी गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। इन्हीं मांगों के साथ जन्मभूमि पक्ष की ओर से करीब 18 मुकदमे दायर हैं। इनकी सुनवाई यथावत जारी रहेगी। नामकरण संबंधी आवेदन के खारिज होने का कोई असर मूल मुकदमों पर नहीं पड़ेगा। अब दोनों ही पक्षों को पूरे संयम का परिचय देना चाहिए। अदालत का ताजा रुख न किसी के लिए बड़ी हार है और न किसी के लिए बड़ी जीत। महत्वपूर्ण बात यह है कि जन्मभूमि के पक्ष में दायर याचिकाओं को अदालत ने सुनने लायक माना है। पहले इन याचिकाओं को ईदगाह पक्ष ने चुनौती दी थी, पर अदालत ने चुनौतियों को खारिज कर दिया था। पिछले वर्ष 1 अगस्त को उच्च न्यायालय ने वक्फ अधिनियम, पूजा स्थल अधिनियम, 1991 और अन्य कानूनों के आधार पर ईदगाह पक्ष की आपत्तियों को खारिज करते हुए जन्मभूमि पक्ष द्वारा दायर याचिकाओं को सुनवाई योग्य माना था। अब जब सुनवाई आगे बढ़ गई है, तब ऐसी सावधानी के साथ आगे बढ़ना चाहिए कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुस्लिम कब्जे से मुक्त हो और वहां मन्दिर के निर्माण का स्वप्न आकार ले।

हिंदू याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि मस्जिद की दीवारों पर हिंदू देवी-देवताओं के प्रतीक और रूपांकन अभी भी दिखाई देते हैं। उन्होंने आगे तर्क दिया कि केवल अवैध रूप से भूमि पर कब्जा करने से स्वामित्व स्थापित नहीं होता है और उन्होंने अयोध्या विवाद के साथ समानताएं बताईं। अब जब नामकरण या नाम परिवर्तन की कोशिशों पर अदालत ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है, तब जन्मभूमि पक्ष को छोटे-छोटे फैसले कराने की कोशिश करने के बजाय बड़े फैसले तक पहुंचने की तैयारी एवं जल्दी दिखानी चाहिए, यह विवाद जितनी जल्दी सुलझ जाए, उतना अच्छा है। श्रीराम मन्दिर-अयोध्या की तरह श्रीकृष्ण जन्मभूमि को मुक्त कराकर वहां भव्य मन्दिर निर्माण की ओर सारा ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। देर भले ही लगे लेकिन अदालत का फैसला श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पक्ष में आना है, क्योंकि इस विवाद में जन्मभूमि पक्ष में पर्याप्त दस्तावेज या सुबूत मौजूद हैं, जिनका अदालत में परीक्षण होना है। निस्संदेह, पूरे परीक्षण और विचार के बाद ही कोई फैसला आएगा। लेकिन इस फैसले की दिशाएं मथुरा को पुराणों, महाकाव्यों और ऐतिहासिक अभिलेखों में भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली के रूप में वर्णित उद्धरणों एवं साक्ष्यों से स्पष्ट है। 17वीं शताब्दी में मुगल शासक औरंगज़ेब के शासनकाल में श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर बने मंदिर को ध्वस्त करके वहां शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण कराया गया। इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के अनुसार, यह मस्जिद मंदिर को ध्वस्त करने उसके अवशेषों पर ही बनाई गई थी।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ ने 1968 में शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी के साथ दस बिंदुओं पर बिना किसी अधिकार के समझौता किया था। 13.37 एकड़ भूमि श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के नाम पर है। जब भूमि श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ के नाम पर थी ही नहीं तो उसके द्वारा समझौता कैसे किया जा सकता है? 2020 में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति याचिका के माध्यम से फिर से यह मुद्दा न्यायालय में आया। याचिका में यह दावा किया गया कि 13.37 एकड़ भूमि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली है और वहां मौजूद ईदगाह मस्जिद अवैध है। साथ ही, 1951 का समझौता भी अवैध, असंवैधानिक और शून्य घोषित किए जाने की मांग की गई। 2023 से इलाहाबाद उच्च न्यायालय और मथुरा की जिला अदालतों ने इस मामले को गंभीरता से लेना शुरू किया। अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को भूमि की वैज्ञानिक जांच की अनुमति दी, जैसा श्रीरामजन्मभूमि मामले में हुआ था। अदालत ने 1951 के समझौते की वैधता पर सवाल उठाए हैं क्योंकि कटरा केशवदेव ट्रस्ट को जन्मभूमि का संप्रभु प्रतिनिधि नहीं माना जा सकता था।

जन्मभूमि पक्ष की याचिकाओं को प्रारंभिक दौर में ही खारिज करने से इनकार किया गया और मुकदमे की सुनवाई की अनुमति दी गई। करोड़ों हिंदुओं की आस्था एवं ऐतिहासिकता है कि वर्तमान ईदगाह मस्जिद के नीचे श्रीकृष्ण का वास्तविक जन्मस्थान है। पुरातात्विक साक्ष्य भी मंदिर के अवशेषों की पुष्टि करते हैं। औरंगज़ेब द्वारा मंदिर तोड़ने और मस्जिद बनवाने का स्पष्ट उल्लेख फारसी शिलालेखों व इतिहासकारों की रचनाओं में भी मिलता है। पूजा स्थल अधिनियम-1991 का कानून 15 अगस्त 1947 की स्थिति को बनाए रखने की बात करता है, परंतु श्रीकृष्ण जन्मभूमि एक जीवित और सतत पूजा स्थल है, और इसमें अपवाद की आवश्यकता है जैसा अयोध्या मामले में देखा गया। यह विवाद केवल एक कानूनी लड़ाई नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना और ऐतिहासिक न्याय की मांग भी है। यह मसला न्यायपालिका से निष्पक्ष न्याय की अपेक्षा इसलिये भी करता है कि यह अधिसंख्य जनभावनाओं, ऐतिहासिक तथ्यों और धार्मिक अस्मिता से जुड़ा हुआ है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद अब केवल इतिहास का विषय नहीं, बल्कि न्याय और आस्था के संतुलन की कसौटी बन चुका है। जैसे अयोध्या में शताब्दियों के संघर्ष के बाद न्याय की विजय हुई, वैसे ही मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि को भी न्याय की प्रतीक्षा है। न्यायालय का नया दृष्टिकोण एक आशा की किरण बनकर उभरा है, जो भविष्य में ऐतिहासिक भूलों को सुधारने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# ट्रम्प एक महान विदूषक !



कस्तूरी दिनेश

व्यंग्य

इस असार, नाशवान जगत में दुखी, परेशान बन्दों के मनोरंजन के लिए उपर वाले ने समय-समय पर एक से बढ़कर एक विदूषक पैदा किये । ऐसे ही महान मसखरे चार्ली चैपलिन और लारेल हार्डी को कौन भूल सकता है ? भोलेभाले मूर्ख बनकर उन्होंने लोगों को खूब हंसाया । उसी तरह राजनीति के ग्लोबल मैदान में भी उपरवाले ने पीड़ित -शोषित जनता के मनोरंजन के लिए धरती पर कई महान मसखरे राजनीतिज्ञ अवतरित किये ! भारत की दृष्टि से मसखरी की इस राजनीतिक विधा को स्व.राजनारायण और आयुष्मान यादववंश कुलदीपक लालू ने खूब पुष्पित-पल्लवित किया !अपने समय में वे भारत की भूखी-नंगी जनता को हंसा-हंसाकर खूब लोटपोट करते रहे । इतना हंसाया कि सालों तक रोटी,कपड़ा और मकान की अपनी समस्या की तरफ आम जनता का ध्यान ही नहीं गया ! राजनीति के इन महान मसखरों का जोकरपना देख-देखकर दुखी जनता भूखे पेट,नंग-धडंग,ठहाके पर ठहाके लगाने में मस्त रही और इधर ये मसखरे मोटा माल सड़पकर गुलफाम हो गये !

अब ग्लोबल राजनीति की तरफ दृष्टिपात करें तो वर्षों के सूखे के बाद जगत कोतवाल अमेरिका ने एक अभूतपूर्व महान विदूषक-रत्न पैदा किया है ! नाम है डोनाल्ड जॉन ट्रम्प ! वे बहुमुखी राजनीतिक प्रतिभा के धनी तो हैं ही साथ-साथ परमाणु बम सम्पन्न, अस्त्र-शस्त्र निर्माता राष्ट्र अमेरिका के राष्ट्रपति भी हैं !डोनाल्ड श्री एक चालाक व्यापारी होने के साथ-साथ, बड़बोले-मसखरे राजनीतिज्ञ की मनभावन छवि वाले सारे संसार के ग्लोबल कोतवाल भी हैं !इतना ही नहीं उनकी रोमांस के बादशाह की छवि को भी कौन टक्कर दे सकता है ? उनकी बहुमुखी प्रतिभा को देखकर कभी-कभी तो समझ में नहीं आता कि वह क्या हैं और नहीं हैं ? उनमें भगवान विष्णु-भक्त भारत के महान ऋषि नारद की नारदीय प्रतिभा भी कूट-कूटकर भरी हुई है !

किन्हीं दो देशों को लड़ा देना । फिर कृपापूर्वक लड़ने के लिए उन्हें अपने देश में बने संहारक अस्त्र-शस्त्र मुहैया करवाकर करोड़ो-अरबों डालर कमाना !अंत में शान्ति कि अपील करते हुए उनका युद्ध रुकवाना और नोबल पुरस्कार के लिए अपने आप को सबसे उपयुक्त व्यक्ति बताना ! ये पेंचदार काम सिर्फ उन्हीं के वश की बात है ! भारत-पाकिस्तान में युद्ध रुकवाने का श्रेय भी वे हफ्ते -दो-हफ्ते में एक बार लेते ही रहते हैं ! शान्ति के नोबल पुरस्कार के लिए उनकी बेचैन आत्मा की छटपटाहट ड्रग-के विरह में ड्रग-एडिक्ट की तरह है! उनकी बॉडी मोहल्ले के खाए-पले भाईगिरी करनेवाले ऐसे पहलवान के माफिक है जो अक्सर मोहल्ले में किसी न किसी को जब पाए तब धौसियाते ही रहता हैं । ग्लोबल लेबल पर उनकी भाईगिरी की यह धौसियाहट अभी बेचारे ईरान पर तारी है ! कुछ दिन पहले तक वे अपने सूट की जेब से टैरिफ-बम निकाल-निकलकर सभी देशों को चमकाया करते थे पर अब धीरे-धीरे यह टैरिफ-बम भी टिकली फटाका में परिवर्तित होकर फुस्स हो गया है !

## विदेश की खबरें

# गाजा में इजराइली हवाई हमलों में 38 फलस्तीनी मारे गये



**दीर अल-बला (गाजा पट्टी) :** गाजा में इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 38 फलस्तीनी मारे गए। अस्पताल अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इजराइली सेना ने कहा कि उसने पिछले दिन संघर्षग्रस्त क्षेत्र में 100 से अधिक ठिकानों पर हमला किया है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू युद्ध विराम प्रयासों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से व्हाइट हाउस में वार्ता के लिए वाशिंगटन जाने की तैयारी कर रहे हैं। एक इजराइली अधिकारी ने कहा कि इजराइली सुरक्षा कैबिनेट ने शनिवार रात को गाजा के उत्तरी भाग में सहायता भेजने को मंजूरी दे दी, जहां नागरिक गंभीर खाद्यान्न कमी से जूझ रहे हैं। अधिकारी ने इस बारे में अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। यमन में, हूती विद्रोही समूह के प्रवक्ता ने एक पूर्व-रिकॉर्डेड संदेश में घोषणा की कि समूह ने रात में बेन गुरियन हवाई अड्डे को निशाना बनाकर बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं। इजराइली सेना ने कहा कि इन्हें रोक दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुरुआती 60 दिन के युद्ध विराम की योजना पेश की है, जिसमें गाजा में मानवीय आपूर्ति में वृद्धि के बदले हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की आंशिक रूप से रिहाई शामिल है। प्रस्तावित युद्ध विराम में 21 महीने से जारी युद्ध को पूरी तरह समाप्त करने के लिए वार्ता की बात कही गई है। गाजा शहर में सेवा प्रदान करने वाले शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेलमिया के अनुसार, इजराइली हमलों में गाजा शहर के दो मकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें 20 लोग मारे गए और 25 घायल हो गए। दक्षिणी गाजा में, निकटवर्ती खान यूनिस स्थित नासिर अस्पताल के अधिकारियों ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि मुवासी नामक क्षेत्र में हुए हमलों में 18 फलस्तीनी मारे गए। मुवासी गाजा के भूमध्य सागर पर स्थित एक क्षेत्र है, जहां कई विस्थापित लोग तंबुओं में रहते हैं।

### बांग्लादेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियां जारी: जहांगीर आलम

**ढाका :** बांग्लादेश के गृह मंत्रालय के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी ने रविवार को कहा कि देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियां जारी हैं। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। 'ढाका ट्रिब्यून' ने रविवार को उनके हवाले से कहा, 'सरकार देश भर में भीड़ हिंसा की घटनाओं से निपटने के लिए भी सक्रिय रूप से काम कर रही है।' उन्होंने कहा कि चुनाव में अभी छह महीने बाकी हैं और तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'राजनीतिक दलों और निर्वाचन आयोग की भी अपनी-अपनी भूमिकाएं और तैयारियां हैं।' खबर में कहा गया है कि जहांगीर आलम ने चुनाव के लिए प्रतिकूल माहौल के आरोपों को भी खारिज किया। देश में भीड़ हिंसा के बारे में जहांगीर आलम चौधरी ने कहा कि ऐसी घटनाएं काफी हद तक कम हो गई हैं, हालांकि 'कोमिला, चटगांव, फरीदपुर और रंगपुर में नये मामले सामने आए हैं।'

# आतंकवादियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने में कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए: ब्रिक्स में प्रधानमंत्री मोदी



**रियो डी जेनेरियो :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रविवार को कहा कि आतंकवाद के पीड़ितों और समर्थकों को एक ही तराजू पर नहीं तौला जा सकता तथा आतंकवादियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने में कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। मोदी ने शांति एवं सुरक्षा पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पहलगाम में हुआ ''कायरतापूर्ण'' आतंकवादी हमला भारत की ''आत्मा, पहचान और गरिमा'' पर सीधा हमला है। इसी के साथ उन्होंने आतंकवाद की चुनौती से निपटने के लिए एक साथ प्रयास करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा, आतंकवाद आज मानवता के लिए सबसे गंभीर चुनौती बन गया है। ब्राजील के समुद्र तटीय शहर में हो रहे दो-दिवसीय वार्षिक शिखर सम्मेलन के पहले दिन ब्रिक्स के शीर्ष नेताओं ने विश्व के समक्ष उपस्थित विभिन्न चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने पहलगाम हमले पर कहा, यह हमला न केवल भारत पर, बल्कि पूरी मानवता पर आघात था। प्रधानमंत्री ने कहा, आतंकवाद की निंदा करना हमारा 'सिद्धांत' होना चाहिए, न कि केवल सहूलियत। उन्होंने कहा, अगर हम पहले यह देखें कि हमला किस देश में हुआ, किसके खिलाफ हुआ तो यह मानवता के साथ विश्वासघात करना होगा। आतंकवादियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने में कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए।''

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 07 जुलाई, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ शुक्लपक्ष द्वादशी, 23:08 तक, नक्षत्र : अनुराधा, 25:03 तक, योग : शुभा, 21:51 तक, सूर्योदय: 4:57, सूर्यास्त: 18:25, चन्द्रोदय : 15:34, चन्द्रास्त: 01:34, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 06:41 से 08:21

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों का दिन लाभ देने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। ग्रहों के प्रभाव से अनुसंधानात्मक विषयों में आपकी रुचि बढ़ाएगा।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों को सूझबूझ से काम लेना चाहिए, क्योंकि आपका दिन भाग्य से कम, आपकी मेहनत से ज्यादा चलेगा। आपके जीवन में आत्मविश्वास और सौंदर्यबोध बढ़ेगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों का दिन तरक्की वाला है। निर्णय व्यवसायिक क्षेत्र में नई दिशा प्रदान कर सकते हैं। कोष भाव में बुध और कार्य भाव में चंद्रमा होने से धन आगमन के मजबूत योग हैं।

**कर्क :** कर्क राशि के लोग आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे और आपकी बातचीत की शैली लोगों को आकर्षित करेगी। इंटरव्यू, सेमिनार या क्लाइंट मीटिंग में प्रभावशाली प्रस्तुति देंगे।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों का दिन कार्यक्षेत्र में धैर्य और संतुलन से चलने का है। बीते हुए किसी विवाद या निर्णय का असर वर्तमान पर पड़ सकता है। वरिष्ठों की सलाह सुनना लाभकारी होगा।

**कन्या :** कन्या राशि वालों की निर्णय लेने की क्षमता और तार्किक सोच आपके पक्ष में काम करेगी। ऑफिस में बॉस की तरफ से सराहना और जिम्मेदारी दोनों मिलेंगी।

**तुला :** तुला राशि के लोगों को लाभ होगा। आपको कई जिम्मेदारिया निभानी होंगी। दिन की शुरुआत धीमी हो सकती है, लेकिन दोपहर बाद गति पकड़ लेगी।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों का दिन वाणी और व्यावहारिकता के मामले में सम्मान से भरा होगा। पुराना निवेश आपके लिए वरदान साबित होगा। जीवनसाथी से मतभेद की आशंका है।

**धनु :** धनु राशि के लोगों को करियर में सफलता मिलेगी और भाग्य आपका साथ देगा। ऑफिस में योग्यता और समर्पण की सराहना होगी, जिससे आपको कोई नई जिम्मेदारी या बोनस प्राप्त हो सकता है।

**मकर :** मकर राशि के लोगों का दिन आपकी मेहनत के प्रतिफल का है। कार्यक्षेत्र में मेहनत को सराहा जाएगा और पदोन्नति की बात भी चल सकती है। व्यवसाय में पूंजी निवेश का सही समय है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों का दिन तरक्की से भरा होगा। आपको कार्यों में सफलता के साथ-साथ सम्मान भी मिलेगा। पुराने मित्र से सहयोग या आर्थिक सहायता मिल सकती है।

**मीन :** मीन राशि के लोगों का दिन तरक्की और लाभ का है। व्यवसाय और करियर के क्षेत्र में साझेदारी से लाभ मिलेगा। नए व्यापारिक सौदे हो सकते हैं, जो लंबे समय तक आय देंगे।

## वर्ग पहेली नं. 3145

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | ■ | ■ | 4 | |
| | ■ | 5 | | ■ | | ■ | 6 | | ■ |
| 7 | | | ■ | 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 |
| | ■ | 12 | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | |
| 16 | 17 | ■ | 18 | | | ■ | 19 | 20 | |
| ■ | 21 | 22 | | ■ | ■ | 23 | | | ■ |
| ■ | 24 | | ■ | 25 | | | ■ | | ■ |
| 26 | | | ■ | | ■ | ■ | 27 | | 28 |
| | ■ | 29 | | | | | | ■ | |

**बायें से दायें:-** 1) जो झूठ न हो, 2) विवाहविच्छेद, 4) बाज़ी, 5) विविध, 6) ख़राब, 7) आवारागर्द, 8) धूल, 10) बोने के लिए कोई दाना, 12) रहम, 14) आँचल, 16) कमरा, 18) संग्रह, 19) साक्षी, 21) एक प्रसिद्ध साग, 23) भाँति, 24) केश, 25) बिलख बिलखकर रोना, 26) दोज़ख़; जहन्नुम, 27) सूक्ष्म, 29) अच्छे विचारोंवाला.

**ऊपर से नीचे:-** 1) समीक्षक, 2) वृक्ष का धड़, 3) गुण-ग्राहक, 4) पियक्कड, 5) एक कलहप्रिय वीणापाणि देवर्षि, 9) रस्सी; मूल्य, 11) स्थान, 13) भिखारी, 15) मुहल्ला, 17) चंद्रमा, 20) प्रशंसा, 22) दबने के कारण बीच से झुकना, 23) तपस्या, 25) होशियारी, 26) अप्रशिक्षित; नवीन, 27) विष्ठा, 28) आर्थिक लाभ.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | ■ | उ | प | यो | ग | ■ |
| क्क | ■ | ह | व | ल | दा | र | ■ | ला | भ |
| ब | गु | ल | ■ | व | र | ■ | प | ■ | न |
| क्क | ■ | प | ■ | ली | ■ | प | रि | पा | क |
| ■ | अ | ह | सा | न | ■ | ■ | म | ठ | ■ |
| को | म | ल | ■ | ■ | पा | ग | ल | ■ | भ |
| शा | ल | ■ | अ | क | स | र | ■ | गौ | र |
| गा | ■ | सि | ■ | बी | ■ | ज | ■ | ■ | मा |
| र | वि | वा | स | र | ■ | ना | ग | वा | र |

## सुडोकू-पहेली-3102

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 7 | 6 | | | |
| 2 | 8 | | | | | 9 | 1 | |
| | | | | | | | | |
| | | 7 | | 3 | | 1 | 6 | |
| | | | | | | 3 | | |
| 9 | | 1 | 4 | | | | | |
| 8 | | | | 5 | 7 | | | |
| | | | | | | 7 | | |
| 6 | | | 8 | 2 | | 5 | | 3 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

सूडोकू पहेली - 3101 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 7 | 8 | 2 | 4 | 1 | 9 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 1 | 4 | 5 | 3 | 6 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 | 7 | 8 | 2 |
| 5 | 9 | 8 | 2 | 7 | 6 | 3 | 4 | 1 |
| 6 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 6 | 2 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 4 | 6 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 3 | 7 | 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 |

# छात्राओं को निशाना बनाने वाले तृणमूल नेताओं की सूची जारी करेंगे : शुभेंदु अधिकारी

## नौ अगस्त को आरजी कर घटना की पहली बरसी पर तीन रैलियों के आयोजन की घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को कहा कि वह तृणमूल कांग्रेस की छात्र शाखा के उन 50 नेताओं के नाम जारी करेंगे, जो कथित तौर पर विद्यार्थियों, विशेष रूप से महिलाओं को निशाना बना रहे हैं, जैसे कि मनोजीत मिश्रा, जो साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मुख्य आरोपी है। शुभेंदु अधिकारी ने तृणमल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी का संदर्भ देते हुए आरोप लगाया कि ये सभी नेता 'भाईपो (भतीजे) गिरोह' के हैं। उन्होंने कहा कि यह मुख्य कारणों में से एक है, जिसकी वजह से मैंने



2020 में तृणमूल छोड़ी थी। मैं उनकी ज्यादतियों को बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं था। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि मैं मंगलवार की दोपहर को 'भाईपो गिरोह' के कम से कम 50 सदस्यों के नाम जारी करूंगा, जो शिक्षण परिसरों में उत्पात मचा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने घोषणा की कि नौ अगस्त को आरजी कर अस्पताल की प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की पहली बरसी पर तीन रैलियां आयोजित की जाएंगी और ये सभी रैलियां हावड़ा में राज्य सचिवालय 'नवान्न' के सामने एकत्र होंगी और सरकार से न्याय की मांग करेंगी। उन्होंने कहा कि हत्या की शिकार हुई हमारी बहन के माता-पिता एक रैली में सबसे आगे होंगे। हजारों लोग, बिना किसी पार्टी के रंग के, नबान्न तक मार्च करेंगे। मैं मुख्यमंत्री से आह्वान करता हूं कि वह रात को ही नबान्न पहुंच जाएं, क्योंकि जब हजारों लोग सड़क पर उतर आएंगे, तो वह इमारत में न तो प्रवेश कर पाएंगी और न ही बाहर निकल पाएंगी। बता दें कि शुभेंदु अधिकारी ने गत शनिवार की रात उत्तर 24 परगना जिले के सोदपुर में दुष्कर्म पीड़िता के शोक संतप्त माता-पिता से उनके आवास पर मुलाकात की थी।

### 'बंगाल में भी हो मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण', शुभेंदु अधिकारी की मांग

विपक्ष के नेता एवं भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि तृणमूल शासित बंगाल में भी ऐसी प्रक्रिया होनी चाहिए। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यह एक अच्छा कदम है और इससे पारदर्शिता आएगी। जिन अवैध प्रवासियों ने देश की मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है, उन्हें चिन्हित किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जिन लोगों ने फर्जी आधार कार्ड और पहचान पत्रों के जरिये खुद का नाम मतदाता सूची में शामिल कराये हैं, उनके नामों को सूची से हटाया जाना चाहिए।

# सामूहिक सामूहिक दुष्कर्म : राज्यपाल ने कॉलेज मामलों पर चिंता व्यक्त की

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस ने 'साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज' की स्थिति के बारे में 'परेशान करने वाली रिपोर्ट' पर रविवार को चिंता जताई। राजभवन द्वारा रविवार को जारी एक बयान में बोस के हवाले से कहा गया कि किसी भी व्यक्ति को चाहे वह कितना भी शक्तिशाली या उसके कितने भी अच्छे संपर्क क्यों न हो, किसी शैक्षणिक संस्थान को बंधक बनाने या हिंसा के तत्वों के साथ अधिनायकवादी शक्ति का प्रयोग करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से बिना किसी भय के अपनी पढ़ाई जारी रखने का आग्रह किया तथा विश्वास व्यक्त किया कि कॉलेज प्रशासन, विश्वविद्यालय प्राधिकारी तथा कानून प्रवर्तन



एजेंसियां उनके कल्याण एवं उनकी रक्षा के लिए एकजुट हैं। बयान में कहा गया कि बोस ने कुलपति प्रोफेसर सांता दत्ता (डे) से छात्रों के हितों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कॉलेजों का प्रशासन स्थापित नियमों और विनियमों के अनुसार सख्ती से काम करे।

## पानीहाटी में पत्नी की हत्या कर फरार हुआ पति, तलाश में जुटी पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के घोला थाना अंतर्गत पानीहाटी नगरपालिका के वार्ड 27 के आजाद हिंद नगर इलाके में कथित तौर पर पत्नी की हत्या कर पति फरार हो गया। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गया है। परिजनों ने घोला थाने में पति सुकांत नाथ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। जांच शुरू हो गई है। मृतका की पहचान प्रियंका नाथ के रूप में की गई है। बताया गया है कि प्रियंका पिछले कुछ सालों से अपने पति सुकांत और आठ साल के बच्चे के साथ आजाद हिंद नगर में रह रही थी। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, गत शनिवार की रात परिजनों के बार-बार फोन करने के बावजूद प्रियंका नहीं मिली। शक होने पर परिवार का एक सदस्य तुरंत आजाद नगर स्थित प्रियंका के घर पहुंचा। जब वे पहुंचे तो घर पर ताला लगा हुआ था। शक और भी बढ़ गया। फिर, उन्होंने पड़ोसियों को बुलाकर घर का दरवाजा तोड़ा और अंदर गये तो देखा कि प्रियंका का बेजान शव पलंग के नीचे पड़ा हुआ है। उसके हाथ की दो नसें कटी हुई थीं। घर पर प्रियंका के पति सुकांत नाथ और उसका बेटा नहीं थे। इसके बाद, पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों को शक है कि पति सुकांत ने पत्नी की हत्या की और फिर फरार हो गया। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस पति और उसके 8 साल के बच्चे की तलाश में जुटी है।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बंगाल की पहचान बनाए रखने में मदद की, ज्योति बसु ने उनका समर्थन किया : समिक भट्टाचार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने रविवार को कहा कि जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने यह सुनिश्चित किया कि देश के विभाजन के दौरान राज्य (पश्चिम बंगाल) अपनी पहचान बनाए रखे और इस मिशन में कम्युनिस्ट नेता ज्योति बसु ने उनकी मदद की थी। भट्टाचार्य ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि बंगाल में मुखर्जी और बसु जैसे नेता रहे हैं, लेकिन अभी ऐसी सरकार है जो कट्टरपंथी तत्वों को 'संरक्षण' दे रही है और ये तत्व विभाजन-पूर्व हिंसा के दिनों को वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुखर्जी और बसु ने सुनिश्चित किया था कि बंगाली हिंदू



पर कोई अत्याचार न हो। उन्होंने एक साथ मुखर्जी और बसु का नाम लिया। इस दिन, मुखर्जी की जयंती पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस्लामी कट्टरपंथ दुनिया भर में एक खतरा बन गया है और हम सभी को इस खतरे से लड़ना होगा। बंगाल में कट्टरपंथी तत्वों को हराया जाना चाहिए और मैं हर सही सोच वाली पार्टी और व्यक्ति से इस लड़ाई में साथ आने का आग्रह करता हूं। उन्होंने आरोप लगाया कि अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के कारण, तृणमूल कांग्रेस बंगाल में कट्टरपंथी इस्लामवादियों के प्रसार को रोकने में विफल रही है। गरीब, साधारण और राष्ट्रवादी मुसलमानों को पार्टी ने वोट के लिए इस्तेमाल किया, जबकि उनकी आर्थिक स्थिति पहले जैसी ही है। भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा 'कट्टरपंथी तत्वों' से लड़ती रहेगी और पिछड़े मुसलमानों सहित हर समुदाय के उत्थान के लिए काम करेगी। मुखर्जी को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों के कारण ही पश्चिम बंगाल ने विभाजन के बाद अपनी पहचान बरकरार रखी। उन्होंने कहा कि इस मिशन में उन्हें (मुखर्जी को) ज्योति बसु जैसे कम्युनिस्ट नेता से मदद मिली थी। ऐसे नेताओं के बाद अब हम ऐसी सरकार के अधीन हैं, जिसने बंगाल को 1946 जैसी स्थिति में पहुंचा दिया है। हमें इसे रोकना होगा। हमें श्यामा प्रसाद के सपनों को पूरा करना होगा। मध्य कोलकाता में भाजपा के प्रदेश मुख्यालय और भवानीपुर स्थित मुखर्जी के आवास पर सैकड़ों लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण के जरिये बिहार के बाद बंगाल निशाना : महुआ मोइत्रा

## तृणमूल सांसद मतदाता सूची संशोधन को लेकर पहुंचीं सुप्रीम कोर्ट, बताया नियमों का उल्लंघन

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने रविवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण करने का आदेश आगामी विधानसभा चुनाव में वास्तविक युवा मतदाताओं को मतदान से वंचित करने के लिए है और उसका अगला निशाना पश्चिम बंगाल होगा। मोइत्रा ने निर्वाचन आयोग के आदेश को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि यह संविधान और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के कई प्रावधानों का उल्लंघन करता है। मोइत्रा ने कहा कि उसने (निर्वाचन आयोग ने) अब बिहार के



वास्तविक युवा मतदाताओं को वंचित करने के लिए इसे पेश किया है, जहां जल्द ही चुनाव होने वाले हैं। बाद में, वे बंगाल को निशाना बनाएंगे, जहां 2026 में चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पहले ही इस मुद्दे को उठा चुकी हैं और निर्वाचन आयोग की 'शैतानी योजना' के बारे में बात कर चुकी हैं। लोकसभा सदस्य ने कहा कि विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं ने भी इस कदम पर चिंता व्यक्त की है और निर्वाचन आयोग से इसे आगे न बढ़ाने की अपील की है। हमने अब इस मुद्दे में हस्तक्षेप करने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। मोइत्रा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के आदेश का उद्देश्य लाखों वास्तविक मतदाताओं को अक्षम करना है, जिनका जन्म 1 जुलाई 1987 और 2 दिसंबर 2004 के बीच हुआ है, तथा इससे केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मदद मिलेगी। मोइत्रा ने उच्चतम न्यायालय में दाखिल अपनी याचिका में अनुरोध किया है कि निर्वाचन आयोग को देश के अन्य राज्यों में इसी तरह के आदेश जारी करने से रोका जाए।

# बेहाला में शराब पीने के बाद आपसी विवाद में युवकों ने की दोस्त की हत्या, चार गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बेहाला के साखेर बाजार में सुपरमार्केट के सामने एक युवक बापी हलदर की पीट-पीटकर हत्या की घटना को लेकर हड़कंप मच गया। युवक की हत्या का आरोप उसके ही तीन दोस्तों पर लगा है। घटना रविवार की सुबह करीब 6.30 बजे की है। मामले में खबर के लिखे जाने तक पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें से तीन मृत बापी के दोस्त बताए जा रहे हैं। बापी की पीटकर हत्या क्यों की गई? क्या इसके पीछे कोई पुरानी रंजिश है? ऐसे तमाम सवाल है जिसके जवाब पुलिस तलाश रही है। पुलिस सूत्रों के



अनुसार, बापी शनिवार की रात तीन दोस्तों के साथ घर से निकला था। उन्होंने रात भर शराब पी। बेहाला के साखेर बाजार में सुपरमार्केट के सामने बैठने के लिए कई जगह हैं। प्राथमिक तौर पर, पता चला है कि उक्त युवकों ने रविवार की सुबह भी वहीं शराब पी थी। सुबह करीब 6.30 बजे उनके बीच बहस हुई। इसके बाद, तीनों लोगों ने कथित तौर पर बापी की जमकर पिटाई की। पता चला है कि इन तीन लोगों में से एक ने अपने पिता को फोन किया। इसके बाद, उन्होंने भी कथित तौर पर बापी की पिटाई की। स्थानीय व्यवसायियों ने सुबह दुकान खोलते समय बापी को अचेत अवस्था में पाया। उसे विद्यासागर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। इलाके के सभी सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस ने चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## भाजपा नेता दिलीप घोष ने पूछा...

# 'जब यूनियन का चुनाव नहीं तो कॉलेज में दफ्तर क्यों?'

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व सांसद व वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप घोष ने रविवार को कसबा सामूहिक दुष्कर्म मामले को लेकर कहा कि हर विश्वविद्यालय और कॉलेज में यूनियन रूम नहीं होना चाहिए, उसको तृणमूल कांग्रेस पार्टी का ऑफिस बना देना चाहिए। दिलीप घोष ने कहा कि चुनाव होता नहीं, यूनियन का दफ्तर क्यों खुला है? वहां इस प्रकार दुष्कर्म करने के लिए? हर विश्वविद्यालय और कॉलेज में यूनियन रूम नहीं होना चाहिए, उसको तृणमूल कांग्रेस पार्टी का ऑफिस बना देना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब यूनियन नहीं है, यूनियन का कोई चुनाव नहीं है, तो ऑफिस



क्यों बनाया है? पहले इस पर ताला मारना चाहिए। जब तक यह रहेगा, इस प्रकार की घटना घटती रहेगी। तृणमूल विधायक सावित्री मित्रा के 'इस्लाम हमारा पसंदीदा धर्म है' वाले बयान पर दिलीप घोष ने तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि किसी नेता को ऐसा कहने से पहले यह सोचना चाहिए कि वे किस समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। धर्म का इस्तेमाल राजनीति में वोट बैंक के लिए नहीं होना चाहिए। राजनीतिक माहौल में शमिक का 'जय मांकाली' नारा देकर चुनाव मैदान में उतरना भी चर्चा का विषय बना हुआ है। इस पर, दिलीप घोष ने कहा कि भाजपा हमेशा बंगाली संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए खड़ी रही है। हम 'जय मांकाली' और 'जय श्रीराम' जैसे नारों में विश्वास करते हैं, इसे बोलने में कोई आपत्ति नहीं है।

## थाई लायन एयर का विमान कोलकाता से बैंकॉक रवाना

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि थाई लायन एयर का विमान रविवार को कोलकाता से बैंकॉक के लिए रवाना हुआ। कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बैंकॉक जाने वाली थाई लायन एयर की एक उड़ान पांच जुलाई की सुबह तकनीकी खराबी के कारण रद्द कर दी गई थी। प्राधिकरण के एक अधिकारी ने कहा कि पुनर्निर्धारित उड़ान सुबह 6.17 बजे कोलकाता से रवाना हुई। उन्होंने कहा कि इसमें 96 यात्री सवार थे। शेष 40 यात्री, जिन्हें शनिवार को बैंकॉक के लिए रवाना होना था, रविवार को पुनर्निर्धारित उड़ान में सवार नहीं हो सके। बोइंग 737-800 विमान शनिवार को लगभग 1.23 बजे 151 यात्रियों को लेकर कोलकाता हवाई अड्डे पर उतरा और इसे 2.35 बजे बैंकॉक के डॉन मुआंग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीएमके) के लिए उड़ान भरनी थी। विमान में 130 यात्री और चालक दल के सात सदस्य सवार थे। इस घटना के बाद उड़ान को रद्द कर दिया गया। उड़ान रद्द करनी पड़ी, क्योंकि विमान में मौजूद कंपनी के इंजीनियर समस्या का समाधान नहीं कर सके। सभी यात्रियों को होटल में ठहराने की व्यवस्था की गई।

## साल्टलेक में बार में सेना के जवानों और युवकों के बीच मारपीट, कई घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** साल्टलेक सेक्टर पांच स्थित एक बार में एक बार फिर रणक्षेत्र का रूप ले लिया। पता चला है कि गत शुक्रवार की देर रात करीब 1.30 बजे बार के सामने सेना के जवानों और कुछ युवकों के बीच मारपीट हो गई। सेना के जवानों और कई युवकों के बीच कहासुनी से शुरू हुआ मामला मारपीट में बदल गया। बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष शराब के नशे में थे। मामला इतना गरमा गया कि एक-दूसरे पर लोहे की रॉड और विकेट से हमला कर दिया गया। घटना में कई लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोप है कि मारपीट के दौरान कई महिलाओं के साथ भी मारपीट की



गई। कई कारों में तोड़फोड़ की भी खबर है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मौके पर पहुंचने के बाद भी पुलिस स्थिति को नियंत्रित करने में विफल रही। पुलिस पर उत्पीड़न का भी आरोप लगा है। हालांकि, इस घटना को लेकर सवाल उठता है कि इतनी देर रात बार कैसे खुला रह सकता है?

# कैखाली में नेल आर्ट सेंटर की आड़ में फर्जी कॉल सेंटर चलाने का आरोप, दंपति गिरफ्तार

## रद्द हुए बीमा के पैसे वापस दिलाने के नाम पर करते थी ठगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** एयरपोर्ट थाना अंतर्गत कैखाली के चिड़ियामोड़ में नेल आर्ट सेंटर की आड़ में फर्जी कॉल सेंटर चलाने का आरोप सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में कोलकाता के एक होटल से दंपती को गिरफ्तार किया है। आरोपी के नाम बंटी उर्फ संदीप बड़ और बबली उर्फ सोमा सेनगुप्ता हैं। एयरपोर्ट थाने के पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार दंपती ने कैखाली के चिड़ियामोड़ इलाके में एक नेल आर्ट सेंटर खोल रखा था। नेल आर्ट की आड़ में इस सेंटर से अलग-अलग लोगों को फोन किया जाता था। रद्द हुए बीमा के पैसे लौटाने के नाम पर पहले उनसे कई तरह के दस्तावेज लिए जाते थे। इसके बाद, सेंटर के कर्मचारी प्रोसेसिंग चार्ज समेत कई बहाने बनाकर इच्छुक पक्षों से पैसे ऐंठने का काम करते थे। आरोप है कि यह गिरोह उनके दस्तावेजों का इस्तेमाल कर बीमा के रुपये अपनी जेब में भरने का भी काम करते थे। एयरपोर्ट थाना पुलिस को गुप्त सूत्र के जरिए नेल आर्ट सेंटर की आड़ में चल रहे इस फर्जी कॉल सेंटर की जानकारी मिली। अचानक वहां छापेमारी कर कई कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान कॉल सेंटर का मालिक बंटी उर्फसंदीप बड़ फरार हो गया। विभिन्न जगह तलाशी अभियान चलाकर पुलिस ने कॉल सेंटर के मालिक बंटी उर्फसंदीप बड़ और उसकी पत्नी बबली उर्फ सोमा सेनगुप्ता को कोलकाता के एक होटल से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से कई एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन और कई दस्तावेज बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि इस सेंटर के कर्मचारी सिर्फ पश्चिम बंगाल ही नहीं, बल्कि अलग-अलग राज्यों के निवासियों से भी पहले दस्तावेज लेकर और फिर उन्हें जाल में फंसाकर ठगी करते थे।

## वाम दलों, मजदूर संघों को नौ जुलाई को होने वाली हड़ताल सफल होने की उम्मीद

**कोलकाता, समाज्ञा :** वाम दलों और मजदूर संघों को उम्मीद है कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि एवं बेरोजगारी जैसे मुद्दों और मजदूरों के अधिकारों को लेकर नौ जुलाई को होने वाली आम हड़ताल को तृणमूल कांग्रेस शासित पश्चिम बंगाल में व्यापक समर्थन मिलेगा। प्रदेश सीटू (सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस) के अध्यक्ष अनादि साहू ने कहा कि 10 प्रमुख मजदूर संघों ने 'उदारीकरण, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि, बेरोज-गारी, अनुबंध पर काम कराने में वृद्धि और अन्य मुद्दों' के खिलाफ आम हड़ताल का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि कोयला, इस्पात और जूट उद्योगों तथा परिवहन क्षेत्र की भागीदारी के साथ बंगाल में हड़ताल को अच्छी प्रतिक्रिया मिलेगी। हालांकि, साहू ने कहा कि भले ही भाजपा और तृणमूल कांग्रेस यूनियनों से जुड़े कुछ कर्मचारी हड़ताल में भाग न लें, लेकिन अधिकतर लोग इसका समर्थन करेंगे क्योंकि वे केंद्र की नीतियों से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि वाम राजनीतिक दलों ने हड़ताल का समर्थन किया है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की केंद्रीय समिति के सदस्य सुजन चक्रवर्ती ने कहा कि हड़ताल का आह्वान जनता की समस्याओं को उजागर करने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि इसलिए हड़ताल को आम लोगों का समर्थन मिलेगा। चक्रवर्ती ने दावा किया कि केंद्र की नई श्रम नीतियां श्रमिक वर्ग के हितों के लिए 'हानिकारक' हैं। साहू ने कहा कि हम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) अधिनियम के तहत पारिश्रमिक बढ़ाने की भी मांग करते हैं।

### Name Change

I, Sonam Singh, wife of Ankit Singh, residing at Ganges Chiranjibi, 36, RNRC, Ghat Road, Howrah-711102, do hereby solemnly affirm and declare that Sonam Singh and Sonam Parashar is the same and one identical person via affidavit before the Ld Executive Magistrate 1st Class at Howrah dated 3rd July 2025.

# महेशतला में नर्स की रहस्यमयी मौत, घर के पास मिला शव

**कोलकाता, समाज्ञा :** महेशतला नगरपालिका के वार्ड 29 के दक्षिण जगततला इलाके में एक नर्स की रहस्यमयी मौत की घटना से सनसनी फैल गई है। उक्त नर्स शिल्पी बीबी (34) को उसके घर के पास एक गली में बेहोशी की हालत में मिला। शिल्पी बीबी को बेहाला के विद्यासागर अस्पताल ले जाया गया और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शिल्पी बीबी पेशे से नर्स थी। उसके गले में दुपट्टा जोर से बंधा हुआ था। ऐसा माना जा रहा है कि नर्स की हत्या कर शव को वहीं छोड़ दिया गया। बताया गया है कि गत शनिवार की देर रात मुहर्रम के अवसर पर शिल्पी बीबी का पति शेख नासिर



अली घर से बाहर गया हुआ था। जब देर रात वह वापस नहीं लौटा तो रविवार के तड़के करीब 2 बजे शिल्पी बीबी अपने पति की तलाश में घर से निकली। करीब 2.30 बजे शेख नासिर के पास एक फोन कॉल आया जिसमें बताया गया कि गली के एक घर के पीछे उसकी पत्नी अचेत अवस्था में पड़ी है। तुरंत इसकी सूचना महेशतला थाने को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिल्पी को बेहाला के विद्यासागर अस्पताल ले जाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शेख नासिर अली का आरोप है कि किसी ने उसकी पत्नी की हत्या की है। उसके अनुसार, जब वह पत्नी को देखने पहुंचा, तब उसकी गर्दन में दुपट्टा लिपटा हुआ था, जिससे संदेह और भी गहरा गया। पुलिस के अनुसार उक्त वारदात में पुलिस ने एक व्यक्ति को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शव पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## नरेंद्रपुर में सड़क किनारे झाड़ियों से मिला तृणमूल कार्यकर्ता का शव

**कोलकाता, समाज्ञा :** नरेंद्रपुर थाना इलाके में एक तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, गत शनिवार की रात स्थानीय निवासियों ने तृणमूल कार्यकर्ता का शव सड़क किनारे झाड़ी के पास पड़ा देखा। यह हत्या राजनीतिक थी या व्यवसायिक, इसे लेकर संशय बना हुआ है। घटना को लेकर इलाके में काफी उत्तेजना है। मृतक की पहचान नाम संदीप नाडु के रूप में की गई है। वह नरेंद्रपुर के बगल के बिष्णुपुर थाने का निवासी है। पता चला है कि शनिवार की रात नरेंद्रपुर और बिष्णुपुर थानों के बीच स्थित नोना जयकृष्णपुर इलाके में झाड़ी से शव बरामद किया गया। परिजनों ने नरेंद्रपुर थाने में हत्या की शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, बताया जा रहा है कि किसी के खिलाफ विशेष शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। परिजनों ने बताया कि संदीप कार चलाता था और प्रमोटिंग का कारोबार भी करता था। परिजनों ने बताया कि कुछ दिन पहले व्यवसायिक संबंधित कुछ झमेला हुआ था। अब सवाल यह उठता है कि क्या उसी विवाद के चलते उसकी हत्या की गई? पुलिस सूत्रों के अनुसार, शव पर कई जगह चोट के निशान हैं। माना जा रहा है कि संदीप की हत्या कहीं और की गई है और उसे नरेंद्रपुर थाना क्षेत्र में झाड़ियों के पास फेंक दिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राथमिक रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।



# कटवा बम विस्फोट मामले में मुख्य आरोपी समेत 5 आरोपी गिरफ्तार



**पूर्व वर्दवान :** पूर्व वर्दवान के कटवा में बम बनाने के दौरान हुए बड़े विस्फोट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पिछले 24 घंटों में मुख्य आरोपी और लिंकमैन जमीर शेख के साथ कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को रविवार को कटवा मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया, जहां पुलिस ने अपनी हिरासत में रखने की मांग की। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि जमीर शेख विस्फोट के पीछे लिंकमैन की भूमिका निभा रहा था। पुलिस ने कहा है कि विस्फोट से जुड़ी सभी जानकारियों को जुटाने के लिए गिरफ्तार आरोपियों से कड़ी पूछताछ आवश्यक है। इससे पहले इस मामले में घायल तुफान चौधरी को भी गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद कुल गिरफ्तारी की संख्या छह हो गई है। मामला पिछले शुक्रवार की रात का है, जब कटवा के राजोआ गांव के एक परित्यक्त मिट्टी के घर में बम बनाने के दौरान बड़ा विस्फोट हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। घायल तूफान चौधरी को कटवा अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस का अनुमान है कि तूफान के नेतृत्व में बम बनाने का काम चल रहा था। तूफान का बीरभूम के कुख्यात अपराधी जंगल शेख से पुराना विवाद भी बताया जा रहा है। विस्फोट वाली रात बीरभूम से दो-तीन लोग भी बम बनाने के लिए आए थे। तूफान की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में जमीर शेख का नाम मुख्य आरोपी के रूप में सामने आया। इसके बाद, पुलिस ने जमीर शेख, जुमेइद शेख, नजरुल मोल्ला, अनुप कायम शेख और अबु तहिर को गिरफ्तार किया। इनमें से एक आरोपी मकान मालिक का बेटा बताया गया है। जमीर शेख का निवास केतु ग्राम के कचड़ा गांव में है और वह लिंकमैन के तौर पर कार्य करता था। पुलिस अब विस्फोट में अन्य शामिल लोगों का पता लगाने के लिए जांच-पड़ताल कर रही है। विस्फोट में क्षतिग्रस्त परित्यक्त मिट्टी के मकान को सुरक्षा कारणों से घेर कर रखा गया है।

# न्याय नहीं मिलने तक अंतिम संस्कार नहीं, परिवार ने फ्रीज में रखा शव

## मौत के तीन दिन बाद भी नहीं किया गया छात्र के शव का अंतिम संस्कार

**✒ स्कूल के कथित अत्याचार से नाबालिग की मौत, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग**



**मालदह :** जिले के मानिकचक थाना इलाके में एक निजी शिक्षण संस्थान में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के छात्र श्रीकांत मंडल की रहस्यमय मौत के बाद मृत छात्र के परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार करते हुए बीते तीन दिनों से शव को घर में फ्रीजर में रखा है। उनका कहना है कि जब तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होती और स्पष्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आती, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा परिजनों का आरोप है कि श्रीकांत की मौत संस्थान के अधिकारियों द्वारा की गई शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना की वजह से हुई है। मृतक के पिता प्रेम कुमार मंडल ने शुक्रवार रात मानिकचक थाने में निजी संस्थान के मालिक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई, लेकिन तीन दिन बीतने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। प्रेम कुमार मंडल ने कहा कि अगर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कोई संदिग्ध बात सामने आती है या लापरवाही पाई जाती है, तो वे दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग करेंगे। उन्होंने साफ कहा है कि जब तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक अपने बेटे के शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता से मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल पुलिस की तरफ से कोई औपचारिक बयान नहीं आया है।

**न्यूज ब्रीफ**

### मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने हैदराबाद में ऐतिहासिक एकीकृत ज्वेलरी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट का किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने हैदराबाद के रंगा रेड्डी जिले के महेश्वरम स्थित जनरल पार्क में अपनी अत्याधुनिक और पूरी तरह से एकीकृत ज्वेलरी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट का उद्घाटन किया है। यह 3.45 लाख वर्ग फुट में फैली इस इकाई को भारत तथा जीसीसी देशों में समूह की 14 विनिर्माण इकाइयों में सबसे बड़ी माना जाता है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने जनरल पार्क स्थित इस इकाई का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम. पी. अहमद, वाइस-चेयरमैन अब्दुल सलाम के. पी., मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के मैनेजिंग डायरेक्टर (इंडिया ऑपरेशंस) आशेर ओ., एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर निषाद ए. के., तथा तेलंगाना सरकार के अन्य गणमान्य अधिकारी और मलाबार ग्रुप के शीर्ष प्रबंधन के सदस्य उपस्थित थे। इस एकीकृत विनिर्माण इकाई में डिजाइनिंग, रिफाइनिंग, मैन्यूफैक्चरिंग, क्वालिटी एश्योरेंस, हॉलमार्किंग, वेयरहाउसिंग और सप्लाई चेन मैनेजमेंट जैसे सभी प्रमुख कार्य एक ही परिसर के अंदर संपन्न होंगे। इस इकाई की वार्षिक उत्पादन क्षमता 4.7 टन से अधिक सोने के आभूषण और 1.8 लाख कैरेट हीरे के आभूषण बनाने की है। इस अवसर पर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम. पी. अहमद ने कहा, हैदराबाद में हमारी अत्याधुनिक आभूषण विनिर्माण इकाई, जो परंपरा, कला, आधुनिकता और परिशुद्धता का उत्कृष्ट संयोजन है, आभूषण उद्योग में एक नए युग की शुरुआत है। यह इकाई हमारे 'मेक इन इंडिया, मार्केट टू द वर्ल्ड' दृष्टिकोण के अनुरूप भारत में वैश्विक स्तर के आभूषण तैयार करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### सेव अर्थ मिशन का ग्लोबल विजन लॉन्च, 60 से अधिक देशों में वृक्षारोपण अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** अहमदाबाद के गिफ्ट सिटी क्लब में आयोजित एक ऐतिहासिक कार्यक्रम में सेव अर्थ मिशन ने अपने ग्लोबल विजन अभियान का अनावरण किया। यह दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता पर्यावरणीय आंदोलन है, जिसका उद्देश्य अगस्त 2025 से 60 से अधिक देशों में एक साथ अब तक का सबसे बड़ा वृक्षारोपण अभियान शुरू करना है। इस अवसर पर वैश्विक जलवायु विशेषज्ञों, सरकारी प्रतिनिधियों, छात्रों, नवप्रवर्तकों और पर्यावरणविदों ने भाग लिया। मिशन का लक्ष्य करोड़ों लोगों को जोड़कर पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करना और नेट जीरो भविष्य की ओर कदम बढ़ाना है। सेव अर्थ मिशन - इंडिया के अध्यक्ष संदीप चौधरी ने कहा, यह अब सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि एक ग्रह स्तर की क्रांति है। हम सिर्फ पेड़ नहीं लगा रहे, हम आशा बो रहे हैं। डॉ. अजय देसाई ने जोड़ा, जब हम पृथ्वी को स्वस्थ करते हैं, तो स्वयं को भी स्वस्थ करते हैं। मिशन का लक्ष्य 2040 तक 30 अरब पेड़ लगाना है, जिसमें सरकारों, कॉर्पोरेट्स, एनजीओ और स्थानीय समुदायों का सहयोग लिया जाएगा।

# जमीन विवाद पर मां की हत्या कर फरार हुआ कलयुगी बेटा

**मुर्शिदाबाद :** जिले के सुती थाना अंतर्गत कासिमनगर गांव में शनिवार की रात एक बेटे ने जमीन को लेकर विवाद के चलते अपनी ही मां की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, मृत महिला की पहचान आरमानी बीबी (70) के रूप में हुई है। हत्या का आरोपित यानी उनका इकलौता बेटा मंगलू शेख फरार है। परिवार और पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंगलू शेख अपनी मां पर लंबे समय से एक जमीन का हिस्सा अपने नाम करवाने का दबाव बना रहा था। इसको लेकर मां-बेटे के बीच कई बार झगड़े भी हुए। हाल ही में, आरमानी बीबी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुछ पैसे भी मिले थे, जिसे मंगलू ने खुद रख लिया था। इसके अलावा, वह घर की अन्य संपत्तियों को भी अपने नाम करवाना चाहता था। लेकिन, मां ने सारी संपत्ति उसे न देकर अपनी एक बेटी को जमीन का एक हिस्सा दे दिया, जिससे मंगलू और अधिक नाराज हो गया। शनिवार की रात खाना खाने के बाद आरमानी बीबी जब अपने घर में सो रही थीं, तभी मंगलू ने अचानक घर में घुसकर उन पर ईंट से ताबड़तोड़ वार कर दिया। मां की चीख-पुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग और परिवार के अन्य सदस्य दौड़े चले आए। गंभीर रूप से घायल आरमानी बीबी को तुरंत महेशाइल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपित बेटा मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

# सियालदह आरपीएफ ने तस्करों के चंगुल से किशोरी को बचाया, दो महिला तस्कर गिरफ्तार

## दिल्ली में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ट्रेन से लड़की को लेकर जाने वाली थी महिला



**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सियालदह स्टेशन पर एक विशेष अभियान में मानव तस्करी के खिलाफ सफलता हासिल करते हुए एक नाबालिग लड़की को तस्करों के चंगुल से बचाया और इस दौरान दो महिलाओं को गिरफ्तार किया। सियालदह मंडल के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त एमके सिंह के दिशा-निर्देशन में ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत यह कार्रवाई की गई। यह घटना शुक्रवार की है, जब सियालदह मेन पोस्ट की मानव तस्करी निरोधक इकाई (एएचटीयू) की टीम ने नियमित निगरानी के दौरान प्लेटफार्म संख्या 12 पर एक घबराई हुई लड़की को अकेले बैठे हुए देखा। पूछताछ करने पर दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग की रहने वाली 16 वर्षीय लड़की ने आरपीएफ को बताया कि उसे दिल्ली में एक मोटी तनख्वाह वाली नौकरी का झांसा देकर लाया गया है और माता-पिता की सहमति से एक रिश्तेदार ने उसे एक अनजान महिला को सौंप दिया था।

लड़की से मिली जानकारी के आधार पर आरपीएफ ने तत्परता दिखाते हुए एक महिला अकलीमा खातून मोल्ला (47) को पकड़ने में सफलता हासिल की। पूछताछ में उसने बताया कि वह इस लड़की को आगे मरियम बीबी (39) को सौंपने वाली थी, जिससे लड़की को ट्रेन संख्या 12379 एक्सप्रेस द्वारा दिल्ली भेजा जा सके। इसके बाद आरपीएफ टीम ने मरियम बीबी को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में मरियम ने दावा किया वह केवल परिवाहक (लड़की को ले जाने के कार्य के लिए) थी, और इस लड़की को दिल्ली ले जाकर नसीर नामक व्यक्ति को सौंपने वाली थी। वहां नसीर लड़की को जबरन घरेलू काम में लगाने वाला था। वहीं अकलीमा ने कबूल किया कि वह लंबे समय से इस घिनौने धंधे में संलिप्त है और प्रत्येक लड़की के बदले 1,500 कमाती थी। आरपीएफ ने आगे की कार्रवाई के लिए दोनों आरोपित महिलाओं, अकलीमा खातून मोल्ला और मरियम बीबी को जीआरपी, सियालदह को सौंप दिया। जीआरपी ने दोनों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, बचाई गई नाबालिग लड़की फिलहाल जीआरपी की देखरेख में है।

### नंदीग्राम में नहर से अज्ञात महिला का शव बरामद

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के नंदीग्राम में रविवार को एक अज्ञात शव बरामदगी के बाद तनाव फैल गया। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में नंदीग्राम 2 इलाके के उत्तर-पश्चिम की ओर मंगल चौक पर हिजली टाइडल नहर में एक महिला का शव तैरता हुआ देखा गया। नदी के दक्षिण किनारे पर इस महिला का शव मिलने को लेकर काफी उत्तेजना फैग गई। स्थानीय लोगों का दावा किया कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह शव स्थानीय है या बाहरी। हालांकि, स्थानीय लोगों का दावा है कि यह कई दिन पहले मिला शव है। प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को नहर से बरामद कर लिया गया है। प्रशासन मृतक की पहचान करने की कोशिश कर रहा है। पुलिस ने जगह-जगह घेराबंदी कर दी है।

# अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर और वृक्ष वितरण का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, पश्चिम बंगाल इकाई द्वारा संस्था के स्थापना दिवस के अवसर पर कोन्नगर स्थित जानकी भवन, विद्यापति लेन और टॉबिन रोड में रक्तदान शिविर एवं वृक्ष वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में जानकी चैरिटेबल ट्रस्ट, कोन्नगर का सहयोग रहा और बड़ी संख्या में महासम्मेलन के पदाधिकारियों व स्थानीय सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए महासम्मेलन के राज्य अध्यक्ष सुशील चौधरी ने कहा, मानवता की सच्ची सेवा रक्तदान से ही संभव है। महासचिव प्रदीप लुहारीवाला ने जानकारी दी कि महासम्मेलन देशभर में स्थानीय इकाइयों के माध्यम से एक लाख यूनिट रक्त संग्रह करने की दिशा में कार्य कर रहा है। जानकी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित शंभुनाथ झा ने कहा कि जब राष्ट्रीय संस्थाएं दूरदराज क्षेत्रों में सेवा कार्य करती हैं, तभी सेवा का वास्तविक प्रभाव दिखाई देता है। इस मौके पर वृक्षारोपण भी किया गया और लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने हेतु पौधों का वितरण भी किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में लायंस क्लब ए-वन सिटी, डिस्ट्रिक्ट 322 बी 1 के राजेश लुहारीवाला, महासम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष सुदेश अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, रामकिशोर लुहारीवाला, संजय पोद्दार, कमलेश गुप्ता, डॉ. नबेंदु साहा, सोमनाथ घोष, अमर झांझरिया, मनोज झा, प्रेमचंद झा, जयचंद झा, कन्हैया झा, अरविंद झा, कौशलेंद्र झा, दिवाकर झा, कमलेश झा, लव झा, भवानंद चौधरी, प्रेमचंद चौधरी सहित कई गणमान्यजनों की सक्रिय भूमिका रही।

# सुरक्षा नियम पालन करने पर गेटमैन से मारपीट, आरपीएफ ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा लेवल क्रॉसिंग पर सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने पर लगातार जोर दिया जा रहा है ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके बावजूद, 4 जुलाई को सोमरा बाजार और बालागढ़ स्टेशनों के बीच स्थित एलसी गेट नंबर 7/सी/ई पर एक गंभीर घटना हुई, जिसमें दो व्यक्तियों ने ड्यूटी पर तैनात रेलवे गेटमैन पर हमला कर दिया। आरोपियों समर्थ विश्वास (25) और अभिजीत मित्र मुस्ताफी (27) ने ट्रेन के आने के कारण बंद किए गए गेट को जबरन पार करने का प्रयास किया। गेटमैन अरविंद कुमार ने नियमों के अनुसार गेट खुलने से इनकार किया, जिससे गुस्साए आरोपी गेटमैन पर शारीरिक हमला करने लगे। घटना की सूचना पाकर आरपीएफ ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ रेलवे अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। पूर्व रेलवे ने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों पर इस प्रकार के हमलों की कड़ी निंदा की है और आम जनता से अपील की है कि वे रेलवे नियमों का पालन करें और रेलवे कर्मचारियों के साथ पूर्ण सहयोग करें।

# लायंस क्लब ने साल्टलेक में एक्यूपंक्चर और फिजियोथेरेपी क्लिनिक का किया शुभारंभ



**कोलकाता, समाज्ञा :** लायंस क्लब कोलकाता साल्टलेक द्वारा रविवार को देशप्रिया पार्क स्थित लायंस चिल्ड्रन कॉर्नर में सेवा प्रकल्प के तहत लायंस एक्यूपंक्चर और फिजियोथेरेपी क्लिनिक का भव्य शुभारंभ किया गया। इस क्लिनिक का उद्घाटन वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन आशीष झुनझुनवाला और पूर्व जिला गवर्नर लायन प्रदीप अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष लायन शशि खत्री ने कहा कि वर्तमान समय में शारीरिक रूप से फिट रहना अत्यंत आवश्यक है और इसी उद्देश्य से अत्यंत रियायती दरों पर यह क्लिनिक शुरू किया गया है, जहां अनुभवी और योग्य चिकित्सा विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। कार्यक्रम में लायन आशीष झुनझुनवाला ने लायंस साल्टलेक द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए क्लब को अपनी शुभकामनाएं दीं। वहीं, पूर्व जिला गवर्नर लायन प्रदीप अग्रवाल ने आशा व्यक्त की कि यह एक्युपंचर एवं फिजियोथैरेपी सेंटर स्थानीय नागरिकों को सुचारू रूप से सेवाएं प्रदान करेगा। इस अवसर पर पूर्व जिला गवर्नर लायन अमित बोथरा, क्लब के सचिव लायन कुणाल चोपड़ा, कोषाध्यक्ष लायन मनीष कोठारी और डिस्ट्रिक्ट पीआरओ लायन अनूप अग्रवाल विशेष रूप से सक्रिय रहे। इस कार्यक्रम का संचालन लायन महेंद्र जैन ने किया।

# नवलखा उपाश्रय में गुरुदेव डॉ. आदर्शचंद्र जी महाराज साहब का चातुर्मास प्रवेश समारोह धूमधाम से संपन्न





**कोलकाता, समाज्ञा :** नवलखा उपाश्रय (पोलक स्ट्रीट) रविवार को जैन समाज की आस्था और श्रद्धा का केंद्र बना रहा, जब प्रातः 7 बजे गुरुदेव डॉ. आदर्शचंद्र जी महाराज साहब का चातुर्मास प्रवेश भव्य शोभायात्रा के साथ संपन्न हुआ। पैराडाइज सिनेमा से प्रारंभ हुई इस शोभायात्रा में करीब 600 श्रद्धालु शामिल हुए। जयघोष, ढोल-नगाड़ों और नृत्य के बीच गुरुदेव डॉ. आदर्शचंद्र जी महाराज का स्वागत किया गया। समस्त संघों ने विविध रचनात्मक प्रस्तुतियों और रैलियों के माध्यम से गुरु वंदना की। अपने मंगलकारी आशीर्वचन में गुरुदेव ने कहा कि, यह चातुर्मास पिछले दो चातुर्मासों की तुलना में अत्यंत ऐतिहासिक होने वाला है, क्योंकि इस बार उपाश्रय परिसर में जैन भाव यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 24 तीर्थंकरों, समवसरण आदि से युक्त 99 दिवसीय भाव यात्रा होगी, जो न केवल नवलखा बल्कि संपूर्ण पूर्व भारत में एक ऐतिहासिक अवसर माना जाएगा। इस अवसर पर पूर्व भारत जैन संघ और विभिन्न राज्यों से गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। जिनमे जिटो के धर्मेंद्र जैन, प्रफुल मोदी, अशोक तुरखिया, हरीश जैन, संदीप जैन, अतुल दोशी, किरीट मेहता, नवलखा संघ के चंद्रेश मेघाणी, दीपक गथाणी, दिलेश पटेल, दिलेश भीमाणी, भरत भायाणी, निमिष शाह, जीतूभाई शाह, भावेश छोवाटिया, पंकज देसाई, हर्षद शेठ, शशिभाई दोशी, प्रफुल लाखाणी, विकास खारा, दिनेश मेहता, घमेश भीमाणी, हेमल दफतरी, राजेश मोदी, कल्पना बाखड़ा, चेतना कामाणी, भक्ति पारेख और हर्षा शाह शामिल रहे। इस ऐतिहासिक चातुर्मास प्रवेश पर समाजजनों में धर्म के प्रति गहन श्रद्धा और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर रेड रोड पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर आज रेड रोड पर आयोजित एक कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद समीक भट्टाचार्य, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी, अमिताभ चक्रवर्ती, सजल घोष, तापस रॉय, अमिताभ राय, अनुपम भट्टाचार्य, भोला प्रसाद सोनकर, प्रमोद राय और इंद्रजीत खातिक सहित अनेक भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संकल्प सृष्टि ने प्रतिभा और समर्पण का किया सम्मान




**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के महाजाति सदन में संकल्प सृष्टि द्वारा आयोजित 'संकल्प सृष्टि शिक्षा सम्मान' समारोह में 350 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों और समर्पित शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों से चयनित कक्षा 1 से 12वीं तक के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रामकृष्ण विवेकानंद मिशन, बैरकपुर के स्वामी नित्यरूपानंद महाराज, मुख्य वक्ता कर्नल पुनीत कुमार (हेडक्वार्टर, बंगाल सब एरिया), सम्मानित अतिथि प्रणय धेलिया, उपस्थित रहे। स्वागत भाषण में प्रधान संरक्षक श्री राकेश हिम्मतसिंहका ने विद्यार्थियों को उत्साह और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया, जबकि प्रधान सचिव डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता ने संस्था के उद्देश्यों की व्याख्या की। धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी निर्मल अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभावशाली शैली में मधु सिंह ने किया। इस मौके पर चेयरमैन रामगोपाल अग्रवाल, अशोक मिन्नी, विजय गुजरवासिया, रामानंद रस्तोगी, नन्दलाल अग्रवाल तथा अनिता हिम्मतसिंहका, नारायण दास सोनी, सुशील बोथरा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसमें शामिल विद्यालयों में दिगम्बर जैन बालिका विद्यालय, सेठ सूरजमल जालान बालिका विद्यालय, टांटिया विद्यालय, बालकृष्ण विठ्ठलनाथ, माहेश्वरी बालिका, संकल्प विद्यालय, मॉडर्न एकैडेमी, हरियाणा पब्लिक स्कूल, शिक्षायतन, बिहानी एकैडेमी, ओरिएंटल सेमिनरी, बिड़ला हाई, ज्ञान भारती बालिका, अग्रसेन बॉयज, साल्टलेक शिक्षा निकेतन, राजस्थान विद्या मंदिर, दिगम्बर जैन विद्यालय, ज्ञान भारती विद्यापीठ, बालिका शिक्षा सदन, एम.सी. केजरीवाल, जैन श्वेताम्बर तेरापंथी बॉयज एवं गर्ल्स, ज्ञान भारती प्राथमिक, जैन विद्यालय, विशुद्धानंद विद्यालय, संकल्प सृष्टि शिक्षा निकेतन आदि प्रमुख रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर नेताजी सुभाष रोड पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए



**कोलकाता, समाज्ञा :** नेताजी सुभाष रोड और कैनिंग स्ट्रीट के संगम स्थल पर भारत की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान शिक्षाविद एवं महान चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माला एवं पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर भोला प्रसाद सोनकर, पूर्णिमा चक्रवर्ती, प्रवीण पांडेय, अखिलेश सिंह, बब्लू सोनकर, अश्वनी सोनकर, संतोष चौरसिया, कमलेश तिवारी, अविशेष सोनकर, नागेंद्र सिंह, राजू सोनका, सनोज सिंह, अरुण गुप्ता, राहुल सोनकर, हिराला राव, जोगेश चौरसिया, शंकर ठाकुर, किरण हाथी और संजय चौरसिया समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी चौरंगी मंडल-1 के अध्यक्ष कमलजीत पांडेय ने दी।

# अब हावड़ा में गरीबों को लालच देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाने का आरोप

## हिंदू देवी-देवताओं के अपमान का भी आरोप, हावड़ा थाने में शिकायत दर्ज

**पुलिस ने मामले में चार लोगों को लिया हिरासत में, पूछताछ जारी**

**हावड़ा, समाज्ञा :** अब हावड़ा शहर में भी हिंदू गरीब महिलाओं और बच्चों को लालच देकर कथित तौर पर धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाने का आरोप सामने आया है। साथ ही हिंदू धर्म और उसके देवी-देवताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करने का भी आरोप है। इस संबंध में अंजनीपुत्र सेना के सचिव सुरेंद्र वर्मा ने रविवार को हावड़ा पुलिस स्टेशन में राकेश साव और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ यह गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, रविवार की शाम करीब 5:30 बजे, सुरेंद्र वर्मा ने हावड़ा मैदान इलाके में 27/2, जीटी. रोड स्थित दुलाल चंद्र सेन मार्केट में कुछ लोगों की एक सभा देखी। उनका आरोप है कि कथित तौर पर राकेश साव समेत कुछ लोग गरीब महिलाओं और बच्चों को गलत वादों के सहारे धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित कर रहे थे। उनका यह भी आरोप है कि ये लोग हिंदू धर्म को नीचा दिखाते हुए ईसाई धर्म को श्रेष्ठ बताकर धर्मांतरण की कोशिश कर रहे हैं। सुरेंद्र वर्मा का दावा है कि जब उन्होंने इस कार्य का विरोध किया तो आयोजकों ने गालियां देते हुए धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई। आरोप है कि धर्मांतरण के लिए गरीब लोगों को पैसों और राशन का लालच दिया जाता था। इसके अलावा, हिंदू लड़कियों से शादी करवा कर भी धर्मांतरण कराने की कोशिश का आरोप है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए चार आयोजकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपों की जांच की जा रही है।

**क्या कहा पार्षद ने**

वॉर्ड 29 के पूर्व पार्षद शैलेश राय ने कहा, यह घटना अत्यंत निंदनीय है। सबसे दुखद बात यह है कि लोग अपने धर्म को छोड़कर दूसरे धर्म का प्रचार कर रहे हैं। इस पर पुलिस उचित कार्रवाई कर रही है।

# बहू से दुष्कर्म और सब कुछ जानने के बाद भी चुप रहने के आरोप में ससुर और पति गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** अपनी बहू से बार-बार दुष्कर्म करने और सब कुछ जानने के बाद भी चुप रहने के आरोप में पुलिस ने एक महिला के ससुर और पति को गिरफ्तार किया है। यह घटना उत्तर 24 परगना जिला के मटिया थाना अंतर्गत स्वरूपनगर बाजार इलाके में घटी है। आरोपितों के नाम शंकर विश्वास (पिता) और सोमनाथ विश्वास (बेटा) है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, बशीरहाट अनुमंडल के मटिया थाना अंतर्गत स्वरूपनगर बाजार इलाके के निवासी शंकर विश्वास के बेटे सोमनाथ विश्वास की शादी करीब पांच साल पहले अशोकनगर के गुमा राजिपुर की एक लड़की से हुई थी। उनका एक चार साल का बेटा भी है। वे खुशहाल जीवन जी रहे थे। लेकिन, दो महीने पहले ससुर शंकर विश्वास की अपनी बहू पर बुरी नजर पड़ गई। उसने कथित तौर पर अपनी बहू से दुष्कर्म किया। यहां तककि उसने लगातार उसका यौन शोषण भी किया। पीड़िता ने अपने पति को सारी बात बताई, लेकिन उसने उसकी एक नहीं सुनी। इसके विपरीत, उसकी पिटाई की। इसके बाद, शंकर विश्वास ने अपनी बहू को और प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। अत्याचार सहन न कर पाने पर पीड़िता ने आखिरकार शनिवार को मटिया थाने में पुलिस से गुहार लगाई। उसने अपने ससुर और पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को आरोपी पिता और पुत्र को बशीरहाट उपजिला न्यायालय में पेश कर पांच दिन की पुलिस हिरासत मांगी गई। पीड़िता की मेडिकल जांच बशीरहाट सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में कराई गई।

## दत्तपुकुर में नहाने के दौरान डूबकर दो किशोरियां की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** तालाब में नहाने के दौरान डूबकर दो किशोरियां की मौत गईं। इस दुखद हादसे से दत्तपुकुर थाना अंतर्गत जॉयपूल इलाके में मातम का माहौल है। मृतकों में 11 वर्षीय तियासा बाल्मीकि और 14 वर्षीय रूपशा बंद्योपाध्याय शामिल हैं। दोनों रविवार की दोपहर में अपने घर के पास एक तालाब में नहाने गई थीं। लेकिन, जब वे काफी देर बाद भी घर नहीं लौटीं तो उनके परिवार के सदस्यों ने खोजबीन शुरू की। अंत में, दोपहर में स्थानीय लोगों ने उनके शव तालाब में तैरते हुए देखे। उन्हें बारासात मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## गोघाट में लापता व्यक्ति का मिला शव

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के गोघाट थानांतर्गत रघुबाटी गांव में एक तालाब के किनारे रविवार की सुबह एक व्यक्ति का सड़ा गला शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान रघुबाटी गांव के निवासी वरुण दास के तौर पर हुई है। वह पेशे से राजमिस्त्री थे। गुरुवार को वह अपने घर से साइकिल लेकर निकले थे। उसके बाद से उनकी कोई खबर नहीं थी। परिवार के लोगों ने जब उनकी खोजबीन शुरू की तो उनकी साइकिल एक तालाब के किनारे मिली। रविवार को उसी तालाब के पास मौजूद झाड़ियों में वरुण का शव मिला। घटना की खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरामबाग प्रफुल्ल चंद्र सेन मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई।

## आर्थिक तंगी से जूझ रहे वृद्ध दंपत्ति ने बारुईपुर स्टेशन पर की आत्महत्या की कोशिश, महिला की हालत गंभीर

**कोलकाता, समाज्ञा :** चरम आर्थिक तंगी और भूख की मार झेलते हुए एक वृद्ध दंपति ने शनिवार की रात बारुईपुर स्टेशन पर जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, डायमंड हार्बर निवासी सन्यासी कर्मकार (70) और उनकी पत्नी झरना कर्मकार (65) लंबे समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। दंपति का कोई संतान नहीं है और वे घर पर अकेले ही रहते हैं। सन्यासी कर्मकार पहले एक पंखा कारखाने में काम करते थे, लेकिन लॉकडाउन के दौरान वह नौकरी चली गई। इसके बाद से ही उनकी आर्थिक हालत लगातार बिगड़ती चली गई और दो वक्त की रोटी जुटाना भी मुश्किल हो गया। आर्थिक संकट से परेशान दंपत्ति शनिवार की सुबह डायमंड हार्बर से ट्रेन पकड़कर बारुईपुर स्टेशन पहुंचा और दिनभर प्लेटफॉर्म नंबर चार पर बैठा रहा। शाम होते ही वे स्टेशन से बाहर निकले और नजदीकी रेलगेट के पास जाकर जहर खरीदकर खा लिया। इसके बाद, वे फिर स्टेशन लौट आए और वहीं प्लेटफॉर्म पर गिर पड़े। उनकी हालत देखकर यात्रियों ने तुरंत जीआरपी को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, सन्यासी कर्मकार की हालत स्थिर है, लेकिन झरना कर्मकार की स्थिति गंभीर बनी हुई है। फिलहाल, पुलिस ने वृद्ध दंपत्ति को अस्पताल में ही निगरानी में रखा है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। खबर लिखे जाने तक इस मामले में प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की सहायता की घोषणा नहीं की गई थी।

# हावड़ा नगर क्षेत्र में बढ़ेगी कॉम्पैक्टर स्टेशनों की संख्या

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा नगर निगम अब शहर को वेट (कचरा जमा करने वाले छोटे डिब्बे) मुक्त बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। इसके लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में कॉम्पैक्टर स्टेशन लगाए जा रहे हैं। पहले ही हावड़ा स्टेशन, हावड़ा मैदान समेत शहर के प्रमुख केंद्रों में कई कॉम्पैक्टर स्टेशन चालू हो चुके हैं। अब शहर के भीतरी इलाकों में भी इन स्टेशनों को स्थापित करने की योजना बनाई गई है। हावड़ा म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन के सफाई विभाग के अनुसार, शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चार नए कॉम्पैक्टर स्टेशन बनाए जाएंगे। इसका उद्देश्य शहर में ठोस कचरा प्रबंधन को और अधिक आधुनिक और प्रभावी बनाना है। नगर निगम सूत्रों के अनुसार, इन नए कॉम्पैक्टर स्टेशनों को दो महीने के भीतर शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। इन चार नए स्टेशनों को शहर के उत्तर, दक्षिण, मध्य और शिवपुर विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक कर स्थापित किया जा रहा है। ये सभी स्टेशन दो महीने के भीतर कार्य शुरू कर देंगे। इसके चलते अब जो कचरा पहले छोटे-छोटे वेट में इकट्ठा होता था, वह सीधे इन कॉम्पैक्टर स्टेशनों तक पहुंचेगा, जहां मशीनों की मदद से कचरे को कंप्रेस (दबाकर संकुचित) कर बड़े वेट तक भेजा जाएगा।

पहले यह कचरा हावड़ा के बेलगाछिया डंपिंग ग्राउंड में डाला जाता था, लेकिन अब यह सीधे कोलकाता के धापा में पहुंचाया जाता है। कॉम्पैक्टर स्टेशनों के माध्यम से कचरे को पहले से संकुचित कर भेजने से, उसे हावड़ा से कोलकाता के धापा तक ले जाना भी अब पहले की तुलना में आसान हो जाएगा, ऐसा नगर अधिकारियों का मानना है। हावड़ा नगर निगम के प्रशासक मंडल के चेयरमैन सुजय चक्रवर्ती ने बताया कि हावड़ा के अलग-अलग हिस्सों में जो छोटे-छोटे वेट थे, उनकी संख्या को काफी हद तक घटा दिया गया है। कोशिश की जा रही है कि पूरे हावड़ा शहर को पूरी तरह वेट मुक्त बनाया जाए। जिन जगहों पर अब तक कॉम्पैक्टर स्टेशन नहीं बने हैं, वहां जल्द से जल्द इन्हें स्थापित करने का काम शुरू कर दिया गया है। हावड़ा नगर निगम की इस पहल का शहरवासियों ने स्वागत किया है। हालांकि, लोगों का कहना है कि वेट की संख्या घटने के बावजूद हावड़ा अभी भी कूड़े के शहर की पहचान से मुक्त नहीं हो पाया है।

## कृष्णानगर में जमीन विवाद में पड़ोसियों ने अधेड़ व्यक्ति को उतारा मौत के घाट



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के कृष्णानगर के कोतवाली के टेटिया के पश्चिमपाड़ा में जमीन विवाद में पड़ोसियों ने एक अधेड़ व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजन आरोपियों को सजा देने की मांग कर रहे हैं। मृतक की पहचान गणेश सरकार (48) के रूप में की गई है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, गणेश का अपने पड़ोसी से जमीन का विवाद काफी पुराना है। शनिवार की रात इसने बड़ा रूप ले लिया। विवाद चरम पर पहुंच गया। आरोप है कि उसी दौरान एक व्यक्ति ने गणेश पर बांस से हमला कर दिया। उसे बुरी तरह पीटा गया। इससे उसकी तबीयत खराब हो गई और वह बेहोश हो गया। गणेश को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। शक्तिनगर जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद, थाने को सूचना दी गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच शुरू हो गई है। पुलिस ने बताया है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। दोषी को सजा जरूर मिलेगी।

## ससुराल घूमने आया दामाद लापता, पांच दिन बाद मिला शव



**आसनसोल :** ससुराल घूमने आया दामाद लापता हो गया और पांच दिन बाद उसका शव बरामद हुआ। पत्थरों से कुचला शव मिला। यह घटना पुरुलिया के रघुनाथपुर 2 प्रखंड के निलदी ग्राम पंचायत के मणिपुर गांव में हुई। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि डीवीसी के थर्मल पावर प्लांट के लिए कोयला इकट्ठा करने के दौरान यह हादसा हुआ। हालांकि, पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि मौत के पीछे कोई और कारण तो नहीं है। मृतक की पहचान दयाल मल्लिक (25) के रूप में की गई है। वह साउतालडीही के कांकी इलाके का निवासी था। बताया गया है कि दयाल मल्लिक अपने ससुराल आया हुआ था। लेकिन, गत बुधवार से उसका कोई पता नहीं तल पा रहा था। उस दिन, गुमशुदगी की डायरी दर्ज कराई गई थी। पांच दिन बाद उसका शव पत्थरों से कुचला हुआ बरामद हुआ। रघुनाथपुर में डीवीसी का थर्मल पावर प्लांट है। इसके बगल में काफी बड़ी जमीन है। जिसका स्वामित्व डीवीसी के पास है पुलिस को संदेह है कि कोयला इकट्ठा करते समय पत्थर से कुचलकर उसकी मौत हो गई। हालांकि, अन्य संभावनाओं से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

## पांशकुड़ा में दो बाइक की टक्कर से फैला तनाव, पुलिस और जनता के बीच हुई झड़प




**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्व मेदिनीपुर जिले के पांशकुड़ा के दासपुर में रविवार सुबह दो मोटरसाइकिलों की टक्कर के बाद हालात तनावपूर्ण हो गए। दुर्घटना में चार लोग सड़क पर गिर पड़े, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के सूत्रों के मुताबिक, चार में से दो गंभीर रूप से घायल हैं जबकि दो ठीक हैं। इस दुर्घटना को लेकर स्थानीय लोग नाराज हो गए और राज्य सड़क को जाम कर दिया, जिससे भारी ट्रैफिक जाम उत्पन्न हो गया। स्थिति को संभालने के लिए दासपुर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच तीखी बहस हुई। बाद में पुलिस की गिरफ्तारी के डर से प्रदर्शनकारी तितर-बितर हो गए। पुलिस ने इस दौरान कई लोगों को गिरफ्तार भी किया है। मौके पर रैफ को भी बुलाया गया था, लेकिन भीड़ ने पुलिस पर लाठीचार्ज कर उन्हें खदेड़ दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस सड़क पर वाहन कागजात जांच के नाम पर उन्हें परेशान करती है, और इसी से उत्पन्न तनाव के कारण यह दुर्घटना हुई। हालांकि, पुलिस ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि अवरुद्ध लोगों के ये दावे सही नहीं हैं और वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच जारी रखे हुए है।

## फूल चोरी के आरोप में अपमानित महिला की आत्महत्या मामले में सिविक वॉलंटियर सस्पेंड



**कोलकाता, समाज्ञा :** शांतिपुर में फूल चोरी के आरोप में अपमानित की गई एक महिला की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए सिविक वॉलंटियर मिलन कराती को सस्पेंड कर दिया है। इसके साथ ही, उसके भाई असीम कराती को गिरफ्तार कर लिया है। घटना गुरुवार तड़के की बताई जा रही है, जब महिला फूल तोड़ने सिविक वॉलंटियर के घर गई थी। इसी दौरान मिलन कराती और उसके साथियों ने महिला को पकड़कर पेड़ से बांध दिया और कान पकड़कर उठक-बैठक करने को मजबूर किया। इस अपमान से आहत होकर महिला ने शनिवार सुबह अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का आरोप है कि सिविक वॉलंटियर अक्सर इलाके में धौंस जमाता था और पुलिस की धमकी देता रहता था। मृतका के परिवार ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है, जबकि मुख्य आरोपी अब भी फरार है। पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। उल्लेखनीय है कि पांशकुड़ा में भी ऐसा ही मामला सामने आया था, जहां चिप्स चोरी के आरोप में एक बच्चे की पिटाई के बाद उसने आत्महत्या कर ली थी।

**न्यूज ब्रीफ**

### कोलकाता में शहीद दिवस से पहले तृणमूल के होर्डिंग फाड़ने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में तृणमूल कांग्रेस के शहीद दिवस (21 जुलाई) से पहले माहौल गरमा गया है। रविवार की सुबह कसबा इलाके में पार्टी की एक राजनीतिक होर्डिंग को फाड़े जाने की घटना सामने आने के बाद इलाके में राजनीतिक तनाव पैदा हो गया है। यह घटना कोलकाता नगर निगम के वार्ड 106 में हुई। स्थानीय पार्षद के अनुसार, यह घटना सुबह लगभग 8 बजे की है जब लोगों ने देखा कि तृणमूल कांग्रेस द्वारा लगाए गए होर्डिंग को किसी ने जानबूझकर फाड़ दिया है। तृणमूल कांग्रेस ने इस घटना को लेकर सख्त प्रतिक्रिया देते हुए माकपा और भाजपा पर सीधा आरोप लगाया है। पार्टी नेताओं ने इसे राजनीतिक साजिश करार दिया और कहा है कि विपक्षी दल जानबूझकर 21 जुलाई के कार्यक्रम से पहले माहौल को बिगाड़ना चाह रहे हैं। इस संबंध में कसबा थाना में एक आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर होर्डिंग के अवशेषों की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज खंगालने की प्रक्रिया जारी है।

### भांगड़ में ट्रक के पहिए से कुचलकर साइकिल सवार की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** पोलेरहाट थाना अंतर्गत भांगड़ में ट्रक के पहिए से कुचलकर साइकिल सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुकांत गुईन (34) के रूप में की गई है। वह मूल रूप से पूर्व मेदिनीपुर के जगतपुर का निवासी था। सुकांत न्यूटाउन में टाटा मेडिकल में काम करता था। इसी कारण वह और उसका परिवार हातिशाला में किराए के मकान में रहता था। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की सुबह वह अपनी ढाई साल की बेटी को साइकिल पर लेकर गाबतला बाजार जा रहा था। उसी समय सीमेंट से लदी एक ट्रक उसके पास से गुजर रही थी। अचानक विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक ने साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे पिता और बेटी दोनों सड़क पर गिर गए। ढाई साल की बच्ची फुटपाथ पर गिरी, लेकिन सुकांत साइकिल समेत ट्रक के पहिए के नीचे कुचला गया। काफी कोशिशों के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। अंत में, क्रेन मंगाकर ट्रक को उठाकर उसे बाहर निकाला गया। इस घटना के कारण गाबतला इलाके में भीषण जाम लग गया। पोलेरहाट थाने की पुलिस ने जानलेवा ट्रक को जब्त कर लिया है, लेकिन चालक फरार हो गया है।

# रथ की रस्सी समाज के हर वर्ग को जोड़ने का काम करती है : शशि पांजा

## उल्टा रथ व जगन्नाथ प्रभु के जयकारे के साथ नूतन बाजार का रथ महोत्सव संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर कोलकाता के ऐतिहासिक नूतन बाजार के श्री जगन्नाथ मंदिर में चल रहे रथ महोत्सव का कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ। प्रभु मासी बाड़ी से उल्टा रथ पूजा के माध्यम से अपने मुख्य मंदिर के आसन पर आसीन हुए। श्री जगन्नाथ स्वामी नूतन बाजार मंदिर ट्रस्ट द्वारा रथयात्रा का आयोजन मासी बाड़ी (गिरिश पार्क) में किया गया था। जहां आठ दिनों तक प्रभु की सेवा व भक्तों में प्रसाद वितरण जारी रहा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत व सम्मान आयोजक मनोज परासर ने किया। रथपूजा उत्सव व रथयात्रा का शुभारंभ करने वाली बंगाल सरकार की नारी व शिशु कल्याण मंत्री डॉ शशि पांजा ने उल्टा रथ में भी गिरीश पार्क मासी बाड़ी से आरती एवं पूजा अर्चना कर रथ की डोरी पकड़ कर कार्यक्रम की शुरुआत की। संस्था की प्रशंसा करते हुए डॉ पांजा ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे प्रभु की सेवा करने का अवसर मिला एवं रथ की रस्सी, जिससे आप रथ खींच रहे है यह समाज के हर वर्ग को एक साथ जोड़ती भी है। उन्होंने व्यवस्था को सुचारू रूप से आठ दिनों तक संभालने के लिए पुलिस प्रशासन को भी धन्यवाद दिया। इस रथ महोत्सव में मानस मर्मज्ञ पंडित रामज्ञान जी महराज ने भगवान कृष्ण के स्वरूप जगन्नाथ प्रभु की महिमा एवं महत्ता का विवेचन करते हुए सबको सेवा कार्य करने की प्रेरणा दी।

उल्टा रथ महोत्सव में विधायक विवेक गुप्ता, विधायक सुतप्ती पांडेय, गोविंदराम अग्रवाल, जयप्रकाश सिंह, गोविंद सारडा, शांता सारडा, जय कुमार गोयल, उर्मिला गोयल, सुरेंद्र अग्रवाल, जे.पी.सिंह, महेंद्र अग्रवाल, पार्षद विजय उपाध्याय, पार्षद राजेश सिन्हा, पार्षद मीरा हाजरा, पार्षद मीना देवी पुरोहित, पार्षद पूजा पांजा, पार्षद विजय ओझा, हाई कोर्ट के अधिवक्ता अजय चौबे, डॉ संजय कुमार सोंथलिया, निरंजन कुमार अग्रवाल, कमल लाखोटिया, विनय लाखोटिया, महावीर बजाज, विप्र फाउंडेशन के राज कुमार व्यास, सांगिता नांगला, योगेश तिवाड़ी, हर्षवर्धन भारद्वाज, पवन शर्मा, गणेश डोकवाल, तिनकोड़ी दत्ता, जोड़ा बागान थाना के प्रभारी अर्णव राय चोधरी, गिरीश पार्क के थाना प्रभारी हीरक दलपति, पोस्ता थाना के प्रभारी जयंत मीदया, नंदकिशोर लखोटिया, रूबी सिन्हा, अमित गुप्ता समेत अनेक गणमान्य अतिथियों व समाज के विशिष्ट व्यक्तियों ने रथ एवं भगवान के दर्शन किए। कार्यक्रम का कुशल संचालन महावीर रावत ने किया।

नूतन बजार में रथ के पहुंचने के पश्चात भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। इसके साथ ही आयोजित भजन संध्या में कोलकाता के मशहूर कलाकारों ने अपने भजन से सबको भक्ति रस में डूबो दिया। पूजा विधि मंदिर के मुख्य पुजारी सदानंद पांडा द्वारा संपन्न हुई। समारोह को सफल बनाने में संस्था के स्नेह कुमार, देवन्द्र गुप्ता, संजय सोनकर, अशोक भटाचार्या, सचिन सोनकर, मुन्ना गुप्ता, दिलीप सोनकर, शंकर पाल, विनोद सोनकर, सुरेश केसरी, लक्ष्मण सोनकर, दीपू गुप्ता, आकाश सोनकर, बापी प्रकाश हलदर, राजेश सिंह, राहुल सिंह एवं अन्य सहयोगियों का सक्रिय योगदान रहा।

## नथिंग ने भारत में नया स्मार्टफोन और हेडफोन किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** लंदन की प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने भारत में अपना नया प्रमुख स्मार्टफोन नथिंग फोन (3) और पहला ओवर-ईयर श्रवण यंत्र हेडफ़ोन (1) पेश किया है। फोन (3) में ट्रिपल कैमरा, नया लाइटिंग डिज़ाइन, चमकदार परदा और तेज़ प्रोसेसर दिया गया है। यह नवीनतम परिचालन तंत्र के साथ आता है। इसकी आरंभिक कीमत 62,999 है और इसकी बिक्री 15 जुलाई से शुरू होगी। हेडफ़ोन (1) में उत्कृष्ट ध्वनि गुणवत्ता, शोर रोधी तकनीक और 35 घंटे तक चलने वाली बैटरी दी गई है। इसकी कीमत 21,999 है, लेकिन आरंभिक दिन पर 19,999 में उपलब्ध होगा। यह भी 15 जुलाई से बाज़ार में मिलेगा।

## हाबरा में घर के पास तालाब से पुलिस कांस्टेबल का शव बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** एक पुलिस अधिकारी का शव उसके घर के पास एक तालाब से बरामद किया गया। हाबरा थाना अंतर्गत बानीपुर इतना के बी ब्लॉक में हुई इस घटना से काफी सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान विश्वजीत घोष (41) के रूप में हुई है। वे बारासात जिला पुलिस के दोलतला पुलिस लाइन में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। शनिवार की दोपहर से उनका कोई पता नहीं चल पा रहा था। जब खोजबीन शुरू हुई तो पता चला कि रात में तालाब से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। बाद में, परिजन शव की पहचान किया। जांचकर्ताओं का प्रारंभिक अनुमान है कि पुलिस अधिकारी किसी तरह तालाब में गिर गए होंगे और उनकी मौत हो गई होगी। हालांकि, पुलिस ने कहा कि अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## मछली पकड़ने गए युवक का हादसे में निधन, तीन दिन बाद नदी से मिला शव

**पुरुलिया :** पुरुलिया जिले के झालदा थाना क्षेत्र के पुस्ती इलाके के गांव का युवक तीन दिन से लापता था। शनिवार को युवक का शव बरामद किया गया। मृत युवक का नाम देवेन लोहार (20) है। बुधवार को मछली पकड़ने निकले देवेन गुरुवार को लौटते समय नदी पार करते वक्त अचानक बह गया था। घटना की सूचना मिलते ही झालदा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और खोज अभियान शुरू किया। बाद में पश्चिम बंगाल असामाजिक रक्षा विभाग की रेस्क्यू टीम और आसनसोल डिजास्टर मैनेजमेंट सेवन बटालियन ने मिलकर बचाव कार्य में हिस्सा लिया। शुक्रवार को एक शव मिला लेकिन परिवार और ग्रामीणों ने उसकी पहचान देवेन के तौर पर अस्वीकार कर दी, जिसके बाद पुनः खोज जारी रखी गई। आखिरकार, शनिवार को बाघमुंडी थाना क्षेत्र के गागिघाट इलाके से देवेन का शव बरामद किया गया। शव का पोस्टमॉर्टम पुरुलिया के देवेन माहतो सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में किया जाएगा। मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।



**जोड़ासांको सातेर पल्ली सार्वजनिन दुर्गा पूजा के खूंटी पूजन में पूर्व विधायक संजय बक्शी, पूर्व विधायक स्मिता बक्शी, पार्षद रीता चौधरी, पार्षद राजेश सिन्हा, तपन रॉय, बरुण मलिक, सौम्या बक्शी, आयोजकों में जय दास, संदीप पॉल, कूसल सेन, पार्थ श्रीमनी, समिति सदस्य सैकत दास, प्रदीप रॉय, प्रदीप दास समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।**

## शिव शक्ति समिति का आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा संपन्न



**हुगली, समाज्ञा :** शिव शक्ति समिति द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का आठवां दिन विशाल भक्तों का जनसमूह, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी प्रभु के गुण-गान भक्तिमय नित्य में वातावरण में संपन्न हुआ। कथा में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति और भक्ति भाव ने माहौल को और भी दिव्य बना दिया। संगीतमय भजन कीर्तन में महिलाएं नाचते दिखे। शिव शक्ति समिति के संयोजक पार्षद कामाख्या नारायण सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथि में राजकिशोर तिवारी, पार्षद जयनाथ झा, रणधीर सिंह, अशोक यादव, अशोक गिरी, रामबाबू सिंह, राजगिरी सिंह, राजेश्वर सिंह, पारसनाथ सिंह, राजा बाबू, रविंद्र सिंह दीपक, प्रीतम सिंह, राकेश सिंह राणा, कृपा शंकर दुबे, समिति के राजू ओझा, भरत शाह, मंटू शर्मा, परशुराम मिश्रा, कन्हैया लाल शर्मा, शेखर शर्मा, नंदलाल शर्मा, अशोक शर्मा, अमन अग्रवाल, सत्येंद्र सिंह, गणेश शर्मा, सोनू पांडे, टुनी सिंह, रमेश सिंह, सुशील शर्मा, निक्कू पांडे, शशि सिंह, बॉक्सर सुरजीत सिंह, अजय सिंह, विनय पांडे उपस्थित रहे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड में मुहर्रम की तैयारी के दौरान बिजली का झटका लगने से एक व्यक्ति की मौत, तीन घायल

**गिरिडीह (झारखंड) :** झारखंड के गिरिडीह जिले में रविवार को मुहर्रम जुलूस की तैयारी के दौरान हाईटेंशन तार की चपेट में आने से कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना राज्य की राजधानी रांची से लगभग 200 किलोमीटर दूर घोड़थंभा पुलिस चौकी के अंतर्गत चाकोसिंघा इलाके में सुबह करीब 11:30 बजे हुयी। गिरिडीह के उपायुक्त (डीसी) रामनिवास यादव ने बताया कि यह घटना तब हुई जब ताजिया का ऊपरी हिस्सा बिजली के तार के संपर्क में आ गया। उन्होंने कहा, कुछ लोग ताजिया रख रहे थे तभी यह हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि घायलों को गिरिडीह के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### देवरिया में महिला की जिंदा जलकर मौत, पुलिस ने जांच शुरू की

**देवरिया (उप्र) :** देवरिया जिले के सलेमपुर कस्बे में रविवार सुबह घर में आग लगने से एक महिला की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सलेमपुर कस्बे के सलाहाबाद मोहल्ले में सुनीता (45) अपने बेटे-बहू और बेटी के साथ रहती थी। रविवार सुबह आग लगने से वह जिंदा जल गई और उसकी मृत्यु हो गई। वह मूल रूप से असम की रहने वाली थी। पुलिस के मुताबिक असम के रहने वाले देवानंद ने दो शादी की थी। देवानंद की दूसरी पत्नी सुनीता अपने बेटे धनंजय एवं बहू रेशमा के अलावा बेटी सोनम के साथ सलाहाबाद मोहल्ले में किराये के मकान में पिछले तीन वर्षों से रह रही थी। पुलिस का कहना है कि सुबह बेटे एवं बेटी कहीं गए थे और घर में सुनीता एवं उसकी बहू रेशमा मौजूद थी। पूर्वाह्न करीब 11 बजे कमरे में आग लग गई, जिसमें सुनीता जिंदा जल गई। मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। सलेमपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) दीपक शुक्ला ने बताया कि मौके पर श्वान दस्ते को तैनात किया गया है और फोरेंसिक टीम घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कर रही हैं।

# सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी ने 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण महा अभियान-2025 के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी महापौरों, जिला पंचायत अध्यक्षों, क्षेत्र पंचायत अध्यक्षों, ब्लॉक प्रमुखों, जिला पंचायत सदस्यों, ब्लॉक पंचायत सदस्यों, पार्षदों, सभासदों एवं ग्राम प्रधानों के साथ वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा



के अनुरूप पांच जून यानी विश्व पर्यावरण दिवस के दिन शुरू हुआ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। योगी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश वनक्षेत्र घट रहा था लेकिन विगत आठ वर्ष में नियोजित प्रयासों के माध्यम से प्रदेश का वह नौ प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत हो गया है तथा आज हरित आवरण वृद्धि में उत्तर प्रदेश, देश में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि 2017 से 2024 के बीच हरित आवरण में पांच लाख एकड़ की वृद्धि हुई है। बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग भविष्य में जीव जंतु ही नहीं बल्कि संपूर्ण मानवजाति के लिए बड़ी समस्या बन सकता है, इससे भविष्य में भूस्खलन, अत्यधिक वर्षा, बाढ़ आदि की समस्याएं देखने को मिलेंगी। सावधान करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए आवश्यक है कि जलवायु का संतुलन बना रहे। उन्होंने कहा ,''आने वाली पीढ़ी को हम कैसी पृथ्वी देकर जाएंगे, इसके दृष्टिगत पौधरोपण के इस अभियान से सभी का जुड़ना आवश्यक है।''

## संजीवनी मामले में की गई टिप्पणी पर माफी क्यों नहीं मांग रहे शेखावत : गहलोत

**जयपुर :** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मानहानि वाद के बीच रविवार को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर पलटवार करते हुए उन पर संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी मामले में जवाबदेही से बचने का आरोप लगाया, जिसमें हजारों निवेशकों से कथित तौर पर धोखाधड़ी की गई थी। राजस्थान के जोधपुर से भाजपा के लोकसभा सदस्य शेखावत ने शनिवार को कहा था कि वह इस मामले में अपनी दिवंगत मां का नाम घसीटकर उनका अनादर करने के लिए गहलोत को कभी माफ नहीं करेंगे। निवेशकों से 900 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में 2019 से जांच जारी है। मामले में संलिप्त होने के गहलोत के आरोपों के बाद भाजपा सांसद ने दिल्ली की एक अदालत में शिकायत दर्ज कराकर राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री पर उन्हें बदनाम करने का आरोप लगाया। यहां राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नए मुख्यालय की आधारशिला रखने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए गहलोत ने कहा कि उन्होंने शेखावत से माफी नहीं मांगी है। गहलोत ने कहा, उन्होंने कहा कि मैं उनकी मां का सम्मान नहीं करता। मैं अब भी उनका सम्मान करता हूं। उनकी आत्मा को शांति मिले। वास्तव में, वह स्वर्ग में उनके किए की शिकायत कर रही होंगी। गहलोत ने कहा, सवाल यह नहीं है कि वह मुझे माफ करेंगे या नहीं... इसके लिए कौन कह रहा है?

### बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य सुचारु तरीके से चल रहा है: निर्वाचन आयोग

**पटना :** निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य उसके आदेशानुसार किया जा रहा है और मसौदा सूची में उन मौजूदा मतदाताओं के नाम शामिल होंगे जिनके गणना फार्म प्राप्त हो गए हैं। निर्वाचन आयोग का यह बयान सोशल मीडिया पर बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में 'बदलाव' के बारे में पोस्ट के बीच आया है, जिस पर विपक्षी दलों ने कड़ा विरोध जताया है। बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) की ओर से सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में स्पष्ट किया गया कि यह प्रक्रिया निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के अनुसार ही की जा रही है। सीईओ ने एक्स और फेसबुक पर जारी पोस्ट में कहा, ''महत्वपूर्ण सूचना – विशेष गहन पुनरीक्षण बिहार में निर्वाचन आयोग के 24 जून 2025 के आदेश के अनुसार सुचारु रूप से हो रहा है। उस आदेश के अनुसार, एक अगस्त 2025 को जारी किए जाने वाले मसौदा मतदाता सूची में उन मौजूदा मतदाताओं के नाम शामिल होंगे, जिनके गणना फॉर्म प्राप्त हो गए हैं।'' सीईओ ने कहा, ''मौजूदा मतदाताओं को दस्तावेजीकरण पूरा करने में सुविधा प्रदान करने के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं। इन मौजूदा मतदाताओं को पहले अपने गणना फॉर्म जमा करने के बाद भी दस्तावेज जमा करने का समय मिलेगा। सभी गतिविधियां निर्वाचन आयोग के 24 जून 2025 के आदेश के अनुसार हैं।''

## मैं बिहार विधानसभा चुनाव लड़ूंगा, सरकारी नौकरियों के लिए अधिवास नीति लागू हो : चिराग

**पटना :** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को कहा कि वह बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने राज्य में सरकारी नौकरियों में अधिवास नीति लागू करने का भी समर्थन किया। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने सारण जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने कहा, ''लोग मुझसे पूछ रहे हैं कि क्या चिराग पासवान विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। मैं सारण से घोषणा करना चाहता हूं कि हां, चिराग पासवान बिहार के बेहतर भविष्य के लिए चुनाव लड़ेंगे।'' चिराग ने कहा, ''मैं बिहार के लोगों, अपने भाइयों, माताओं, अपनी बहनों के लिए चुनाव लड़ूंगा। हम बिहार में एक



ऐसी व्यवस्था बनाएंगे, जो सही मायने में राज्य को विकास के पथ पर आगे ले जाएगी। मैं अपने पिता के सपनों को साकार करूंगा और 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' के लिए काम करूंगा। मैं बिहार और उसके लोगों के लिए जिऊंगा और मरूंगा।'' उन्होंने राज्य में सरकारी नौकरियों के लिए अधिवास नीति शुरू करने की मांग का भी समर्थन किया। चिराग ऐसी मांग करने वाले बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)के पहले नेता बन गए हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजग) के विधायक और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने वादा किया है कि अगर चुनाव के बाद उनकी पार्टी राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन की सरकार बनती है, तो अधिवास नीति को लागू किया जाएगा। चिराग ने कहा, ''बिहार के युवाओं के हित में सरकारी नौकरियों में अधिवास नीति लागू करने का समर्थन करता हूं। नौकरी चाहने वालों की यह लंबे समय से मांग रही है।''

## मेरी छवि खराब करने के लिये 'वायरल' किया जा रहा पुराना वीडियो : हेमा मालिनी

**मथुरा (उप्र) :** प्रस्तावित 'बांके बिहारी कॉरिडोर' के बारे में अपनी कथित टिप्पणी पर स्थानीय निवासियों और पुजारियों द्वारा नाराजगी जताये जाने के एक दिन बाद मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने रविवार को कहा कि उनकी छवि खराब करने के लिए जानबूझकर एक पुराना वीडियो 'वायरल' किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में हेमा मालिनी को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना जा सकता है, ''हम कॉरिडोर बनाएंगे और जो इसका विरोध कर रहे हैं, हमें उन्हें कहीं और जाने के लिए कहना पड़ सकता है।'' इस कथित बयान पर यहां समुदाय के विभिन्न



वर्गों ने नाराजगी जताई है। हेमा मालिनी ने इस 'वायरल' वीडियो पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रविवार को टेलीफोन पर बातचीत में 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''यह वीडियो 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले का है। लोगों में मतभेद पैदा करने के लिए जानबूझकर गलत सूचना फैलायी जा रही है।'' उन्होंने कहा कि कॉरिडोर उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद ही बनाया जाएगा और सभी पक्षों के हितों की रक्षा की जाएगी। भाजपा सांसद ने कहा, ''मथुरा मेरी कर्मभूमि है। मैं इस शहर को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रही हूं। हमने जो भी परियोजनाएं जमीन पर उतारी हैं वे स्थानीय लोगों के हितों की रक्षा के लिए ही बनायी गयी थीं।'' उन्होंने कहा, ''मैं भगवान कृष्ण की सेवा में यहां आई हूं और बृजवासी मेरे परिवार का हिस्सा हैं। प्रस्तावित 'बांके बिहारी कॉरिडोर' का उद्देश्य भीड़ के दबाव को कम करना और भक्तों के लिए सुविधाओं में सुधार करना है।''

## बिहार के गोपालगंज, कटिहार में मुहर्रम जुलूस के दौरान झड़प

**कटिहार/गोपालगंज :** बिहार के गोपालगंज और कटिहार जिलों में रविवार को मुहर्रम जुलूस के दौरान झड़पें हुईं। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गोपालगंज में मुहर्रम जुलूस के दौरान करतब दिखाने को लेकर दो गुटों के सदस्यों के बीच झड़प में एक व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि यह घटना दोपहर में मांझा इलाके में हुई। जिलाधिकारी पवन कुमार सिन्हा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''जुलूस में शामिल दो अखाड़ों के लोग करतब दिखाने को लेकर आपस में भिड़ गए। एक व्यक्ति को मामूली चोटें आईं। उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।'' अधिकारियों ने बताया कि कटिहार



में नया टोला इलाके में महावीर मंदिर के पास मुहर्रम जुलूस के दौरान दो समुदायों के सदस्यों के बीच झड़प हो गई। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के सदस्यों ने एक-दूसरे पर पत्थर फेंके और हिंसा के दौरान कुछ वाहनों में तोड़फोड़ की गई। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हालात पर तुरंत काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी को कोई चोट नहीं आई। हिंसा में शामिल लोगों की पहचान कर ली गई है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।''

### भाजपा सरकार आने वाली पीढ़ी से शिक्षा का अधिकार छीनना चाहती है : अखिलेश यादव

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि वह आने वाली पीढ़ी से शिक्षा का अधिकार छीनना चाहती है। सपा प्रदेश मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में बड़ी संख्या में विभिन्न जिलों से आये नेताओं, कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए यादव ने कहा कि भाजपा सरकार आने वाली पीढ़ी से शिक्षा का अधिकार छीनना चाहती है। सपा मुख्यालय से जारी एक बयान के मुताबिक उन्होंने कहा कि इसलिए भाजपा सरकार ने जानबूझकर शिक्षा को महंगी करने की साजिश की है। सपा प्रमुख ने कहा,रोजी-रोटी के अभाव के कारण गरीबों के लिए बच्चों को पढ़ाना मुश्किल हो रहा है। पढ़ाई से वंचित बच्चों की संख्या लाखों में है।

## सरकार उच्चतम न्यायालय से पुराने वाहनों के संबंध में एक समान नियम बनाने की मांग करेगी: गुप्ता

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार उच्चतम न्यायालय से आग्रह करेगी कि वह मियाद पूरी कर चुके वाहनों के लिए पूरे देश की तरह राष्ट्रीय राजधानी में भी एक समान नियम लागू करने की अनुमति दे। पिछले सप्ताह, दिल्ली सरकार ने केंद्र के वायु गुणवत्ता आयोग से मियाद पूरी कर चुके वाहनों पर ईंधन प्रतिबंध को तत्काल स्थगित किये जाने का आग्रह किया था। सरकार ने कहा था कि सरकार तय मियाद पूरी कर चुके वाहनों पर प्रतिबंध से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए ''सभी संभव प्रयास'' करेगी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अध्यक्ष राजेश वर्मा को लिखे पत्र में कहा कि ईंधन पर प्रतिबंध व्यवहार्य नहीं है और तकनीकी चुनौतियों के कारण इसे लागू नहीं किया जा सकता। गुप्ता ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कहा कि सरकार उच्चतम न्यायालय के समक्ष लोगों की भावनाओं को रखेगी। उन्होंने कहा, ''हम उच्चतम न्यायालय को सरकार द्वारा प्रदूषण नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों के बारे में बताएंगे। जो मापदंड पूरे देश में लागू हैं, वही दिल्ली में भी लागू होने चाहिए। हम चाहते हैं कि दिल्लीवासियों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि वे लोगों को राहत पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वर्ष 2018 में उच्चतम न्यायालय के एक फैसले में दिल्ली में 10 साल से पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के 2014 के आदेश में सार्वजनिक स्थानों पर 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों की पार्किंग पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।




# भारत की एजबेस्टन में ऐतिहासिक जीत



## इंग्लैंड को 336 से हराकर श्रृंखला बराबर की

**बर्मिंघम :** बारिश के कारण हुए विलंब के बाद बिहार के सासाराम के आकाश दीप (187 रन देकर 10 विकेट) की शानदार गेंदबाजी से भारत ने रविवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन इंग्लैंड को 336 रन से हराकर एजबेस्टन में ऐतिहासिक जीत हासिल की। भारत ने इस तरह पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। इंग्लैंड ने लीड्स में पहला टेस्ट पांच विकेट से जीता था। स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में 28 वर्षीय आकाशदीप ने बड़े मंच पर प्रभावित करते हुए इंग्लैंड की दूसरी पारी में 99 रन देकर छह विकेट झटके जिससे मेजबान टीम 608 रन के असंभव लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम 271 रन पर सिमट गई। कप्तान शुभमन गिल (269 रन और 161 रन) के दोनों पारियों में शतक से भारत ने रनों का अंबार लगाया तो वहीं आकाश दीप ने बल्लेबाजी के मुफीद पिच पर कमाल की गेंदबाजी की। बारिश के कारण पांचवें और अंतिम दिन का खेल एक घंटा 40 मिनट के विलंब से शुरू हुआ जिससे दिन के ओवर घटाकर 80 कर दिए गए। इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 72 रन से आगे खेलना शुरू किया। मोहम्मद सिराज (सात विकेट) ने पहली पारी में शानदार गेंदबाजी कर इंग्लैंड को 407 रन ही बनाने दिए थे, उन्होंने दूसरी पारी में शानदार कैच लपके। इंग्लैंड के लिए जैमी स्मिथ (88 रन) अकेले डटे रहे और आकाशदीप की गेंद पर आउट हुए जिनका विकेट लेते ही भारत के इस मध्यम गति के गेंदबाज ने टेस्ट क्रिकेट में पहली पार पांच विकेट झटकने का कारनामा किया। आकाशदीप ने मैच का अंतिम विकेट लेकर अपना दसवां विकेट हासिल किया और यह कैच भी मैच के दूसरे स्टार रहे गिल ने लपका। टेस्ट कप्तान के तौर पर यह गिल की पहली जीत भी है। श्रृंखला का पहला टेस्ट गंवाने के बाद भारत ने गिल की बल्लेबाजी के बाद आकाशदीप और सिराज की नयी गेंद पर शानदार गेंदबाजी से वापसी की। बुमराह की अनुपस्थिति में भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण से ज्यादा उम्मीद नहीं की जा रही थी लेकिन आकाशदीप ने मैच का रूख बदलने वाले स्पैल डालकर इस सोच को पूरी तरह बदल दिया। आकाश दीप के पहले सत्र में दो विकेट की बदौलत भारत लंच तक इंग्लैंड के 153 रन पर छह विकेट झटककर मैच जीतने से चार विकेट दूर था। स्पिनर वाशिंगटन सुंदर ने लंच से पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (33 रन) को पगबाधा आउट किया जो दिन में आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज रहे। आकाशदीप ने शनिवार को अंतिम सत्र में दो विकेट झटके थे और सुबह के सत्र में ओली पोप (24) और हैरी ब्रुक (23) को जल्दी आउट किया। प्रसिद्ध कृष्णा ने आकाश दीप के साथ गेंदबाजी की शुरुआत की। आकाश दीप पहले सत्र के सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे। मैच में पहली बार ऐसा लगा कि विकेट थोड़ा खराब हो गया है और आकाश दीप को सीम मूवमेंट मिल रहा है। मोहम्मद सिराज ने आकाश दीप के साथ शुरुआत नहीं की जो थोड़ा हैरानी भरा था। आकाश दीप को शुरुआती घंटे में सफलता दिलाने के लिए सात गेंद लगी और उन्होंने ओली पोप (24 रन) को बोल्ड कर दिया। फिर इस गेंदबाज ने अगले ओवर में खतरनाक हैरी ब्रुक (23 रन) को पगबाधा आउट किया। पहले घंटे के बाद रविंद्र जडेजा को लाया गया और उन्होंने तुरंत ही गेंद को टर्न करवाया जिससे स्टोक्स और स्मिथ को परेशानी हुई। हेडिंग्ले के विपरीत जडेजा ने अपनी गेंदों की गति को कम करने की कोशिश की। हालांकि इंग्लैंड के कप्तान कुछ जरूरी रन बनाने में सफल रहे। उन्होंने सिराज की गेंद पर चार बाउंड्री लगाईं। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लंदन में शुरू होगा।

## मुझे गिल से काफी प्रेरणा मिली: सूर्यवंशी

**नयी दिल्ली :** युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि वह शतक बनाने के बाद शुभमन गिल को बिना किसी दबाव के खेलते हुए देखकर प्रेरित हुए और भविष्य के मैचों में भारतीय टेस्ट कप्तान का अनुकरण करना चाहते हैं। सूर्यवंशी ने शनिवार को वॉर्सेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ भारत अंडर-19 की तरफ से चौथे मैच में केवल 78 गेंदों पर 143 रन की शानदार पारी खेली और युवा एकदिवसीय मैचों में शतक बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए। सूर्यवंशी ने बीसीसीआई के 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, ''मुझे उनसे (गिल से) काफी प्रेरणा मिली, क्योंकि मैंने उनका खेल देखा था। 100 और 200



रन बनाने के बाद भी वह सहजता से खेलते रहे।'' गिल ने बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया। उन्होंने पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए। इस दौरान भारत की अंडर-19 टीम भी एजबेस्टन में थी। सूर्यवंशी ने कहा, ''मैं अगले मैच में 200 रन बनाने की कोशिश करूंगा। अगली बार मैं पूरे पचास ओवर खेलने की कोशिश करूंगा। मैं जितने अधिक रन बनाऊंगा, मेरी टीम के लिए उतना ही बेहतर होगा।'' सूर्यवंशी ने कहा कि जब तक वह ड्रेसिंग रूम में नहीं लौटे, उन्हें अपने बनाए गए रिकार्डों के बारे में पता नहीं था। उन्होंने युवा वनडे में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड भी बनाया।

### भारतीय महिला टीम को एशियाई कप में जगह बनाने पर 50,000 डॉलर का इनाम

**नयी दिल्ली :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पहली बार क्वालीफायर के माध्यम से एएफसी महिला एशियाई कप का ऐतिहासिक क्वालीफिकेशन हासिल करने पर भारतीय महिला फुटबॉल टीम के लिए 50,000 डॉलर के इनाम की घोषणा की है। भारतीय टीम (ब्लू टाइग्रेसस) ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने सभी चार मैच आसानी से जीते और एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 में अपनी जगह पक्की की। महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भारत ने पिछली बार 2003 में भाग लिया था लेकिन उस समय क्वालीफायर नहीं होता था। भारतीय टीम ने 2022 में मेजबान के रूप में भी भाग लिया था, लेकिन टीम में कोविड-19 का मामला आने के कारण उन्हें टूर्नामेंट से हटना पड़ा था। टीम ने इस बार थाईलैंड में आयोजित क्वालीफिकेशन के ग्रुप चरण में मंगोलिया (13-0), तिमोर-लेस्ते (4-0) और इराक (5-0) के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करने के बाद उच्च-रैंक वाले मेजबान थाईलैंड पर 2-1 की अहम जीत के साथ अपना अभियान खत्म किया।

## हरविंदर के दोहरे स्वर्ण पदक से भारत एशियाई पैरा चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रहा

**बीजिंग :** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और गत पैरालंपिक चैंपियन हरविंदर ने दो स्वर्ण पदक के साथ पदक की हैट्रिक पूरी की जिससे भारत रविवार को यहां बीजिंग 2025 एशियाई पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप की पदक तालिका में मेजबान चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा। भारत ने प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदक जीते। चीन 10 स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर रहा। पुरुष रिकर्व क्वालीफाइंग दौर में 663 अंक के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और नए चैंपियनशिप रिकॉर्ड के साथ शीर्ष पर रहे हरविंदर ने इससे पहले भावना के साथ मिलकर रिकर्व ओपन



मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। प्रतियोगिता के अंतिम दिन हरविंदर ने रिकर्व पुरुष ओपन खिताब भी जीता जिससे प्रतियोगिता में उनके नाम तीन पदक रहे। हरविंदर और भावना ने चीन के झिहान गाओ और जुन गेन को फाइनल में 5-4 (14-8) से हराकर खिताब जीता। गाओ शूट ऑफ में चूक गए जिससे भारतीय जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। रिकर्व पुरुष ओपन फाइनल में हरविंदर ने थाईलैंड के हेनरुचाई नेतसिरी को 7-1 से हराकर भारत को प्रतियोगिता का तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया। भारत ने एक और स्वर्ण कंपाउंड महिला टीम स्पर्धा में जीता जहां शीतल देवी और ज्योति ने ल्यु झेंग और जिंग झाओ की चीन की जोड़ी को 148-143 से हराया। चीन की जोड़ी अंतिम अंतिम चरण में चूक गए जिसमें ल्यु एक निशाना लगाने में नाकाम रहीं।

## साक्षी ने विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण पदक जीता

**अस्ताना :** दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने रविवार को यहां दूसरे विश्व मुक्केबाजी कप में महिलाओं के 54 किग्रा फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। चौबीस साल की साक्षी ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और अमेरिका की योसलाइन पेरेज के खिलाफ सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज की। भारतीय दल ने यहां विश्व मुक्केबाजी कप में अच्छा प्रदर्शन किया है और कुल 11 पदक पक्के किए हैं। भारत ने ब्राजील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे। पहले सत्र में चार भारतीय मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया और साक्षी ने गति और सटीक



पंच के संयोजन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे पहले मीनाक्षी ने 48 किग्रा वर्ग के फाइनल में स्थानीय दावेदार नाजिम काइजाइबे को कड़ी चुनौती दी लेकिन 2-3 के खंडित फैसले से हार गयी। जुगनू (पुरुष 85 किग्रा) और पूजा रानी (महिला 80 किग्रा) को भी अपने-अपने फाइनल में हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। जुगनू को कजाकिस्तान के बेकजाद नूरदौलेटोव के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा जबकि पूजा को आस्ट्रेलिया की एसिटा फ्लिंट के खिलाफ इसी अंतर से शिकस्तमिली।

### विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2029 और 2031 के लिए बोली लगाएगा भारत

**बेंगलुरु :** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई)के प्रवक्ता आदिल सुमारिवाला ने रविवार को कहा कि भारत इस साल के अंत में प्रक्रिया शुरू होने पर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 2029 और 2031 दोनों सत्र की मेजबानी के लिए बोली लगाएगा जिससे उसे इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के किसी एक सत्र की मेजबानी मिलने की उम्मीद है। खेल की वैश्विक संचालन संस्था विश्व एथलेटिक्स सितंबर 2026 में 2029 और 2031 दोनों सत्र के मेजबान की घोषणा करेगी। सदस्य देशों द्वारा मेजबानी रुचि व्यक्त करने की समय सीमा एक अक्टूबर 2025 है। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष और एएफआई के पूर्व अध्यक्ष सुमारिवाला ने पीटीआई को बताया, हम 2029 और 2031 (चैंपियनशिप) के लिए रणनीतिक बोली लगाने जा रहे हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### इलाज के नाम पर महिला ने बच्ची को लोहे की गर्म छड़ से दागा, हिरासत में लिया गया

**नागपुर :** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में पेट फूलने का इलाज करने के नाम पर एक महिला रिश्तेदार ने 10 दिन की बच्ची को कथित तौर पर लोहे की गर्म छड़ से दाग दिया। पुलिस ने रविवार को बताया कि शुक्रवार को मामला प्रकाश में आने के बाद महिला को हिरासत में ले लिया गया और संबंधित धाराओं के तहत मामला कर लिया गया। बच्ची का जन्म अमरावती जिले के चिखलदरा के दहेन्द्री गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में हुआ था। चिखलदरा के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस दौरान बच्ची की मां की एक रिश्तेदार उनसे मिलने आई, जिसने परिवार को बताया कि बच्ची को पेट फूलने की समस्या है तथा उसने जिले के मेलघाट क्षेत्र में प्रचलित अंधविश्वासी प्रथा 'दम्मा' करने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि इसके बाद महिला की रिश्तेदार ने बच्ची के पेट को लोहे की गर्म छड़ से दाग दिया। अधिकारी के अनुसार, शुक्रवार को स्थानीय पीएचसी कर्मी बच्ची को देखने के लिए पहुंचे जिन्हें उसके पेट पर दागे जाने के निशान दिखे। वे तुरंत बच्ची को इलाज के लिए अचलपुर जिला अस्पताल ले गए।

### क्या 16 भाषाएं सीखने वाले संभाजी महाराज मूर्ख थे: शिवसेना विधायक ने हिंदी-मराठी विवाद पर कहा

**छत्रपति संभाजीनगर :** एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ ने राज्य के स्कूलों में हिंदी और त्रिभाषा नीति के सख्त विरोध को लेकर उद्धव और राज ठाकरे पर हमला करने के लिए छत्रपति संभाजी महाराज के बहुभाषाविद् होने का हवाला दिया। ठाकरे भाइयों ने शनिवार को मुंबई में दो दशकों में पहली बार एक संयुक्त रैली की, जिसमें उन्होंने देवेंद्र फडणवीस सरकार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत तीन भाषा नीति पर दो सरकारी प्रस्तावों (जीआर) को वापस लेने को अपनी ''सफलता'' के तौर पर चिह्नित किया। इस कार्यक्रम में शिवसेना (उबाठा) के नेता उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के नेता राज ठाकरे ने राज्य में हिंदी थोपने और मराठी को दरकिनार करने के सरकार के सभी प्रयासों का विरोध करने का संकल्प लिया।

### सभी मंदिरों में गौशाला, सनातन धर्म की शिक्षा देने वाली संस्था और अस्पताल की जरूरत: केरल के राज्यपाल

**कन्नूर :** केरल के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राज्य के प्रत्येक मंदिर में गौशाला, सनातन धर्म की शिक्षा देने वाला संस्थान और एक चिकित्सालय स्थापित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने सुझाव दिया कि यह कार्य देवस्वोम बोर्ड के माध्यम से किया जा सकता है। राज्यपाल शनिवार शाम तालीपरंबा स्थित श्री राजराजेश्वर मंदिर में भगवान शिव की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी मंदिरों में चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। आर्लेकर ने कहा, हमारे सभी मंदिरों में एक गौशाला अवश्य होनी चाहिए, जहां सड़कों पर घूम रही गायों को लाया जा सके। यह हमारा प्राथमिक कर्तव्य है।

# प्रौद्योगिकी और लोगों के हित को सहकारिता क्षेत्र की 'कार्य संस्कृति' का अभिन्न अंग बनाएं : अमित शाह

**आणंद (गुजरात) :** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने रविवार को सहकारिता क्षेत्र के नेताओं से अपील की कि वे सफलता प्राप्त करने के लिए पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी का उपयोग और सहकारी संगठनों के सदस्यों के हितों को अपनी ''कार्य संस्कृति'' में सर्वोच्च स्थान दें। सहकारिता मंत्रालय के चौथे स्थापना दिवस के अवसर पर शाह ने यहां अमूल डेरी के परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। केंद्रीय सहकारिता और गृह मंत्री शाह ने सरदार पटेल सहकारी डेरी फेडरेशन लिमिटेड नामक नवगठित बहु-राज्यीय सहकारी निकाय का उद्घाटन किया तथा इसके लोगो का अनावरण




किया। उन्होंने कहा, हमें तीन चीजों को दृढ़ता से लागू करना होगा। पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी और सहकारी संस्थाओं के सदस्यों (किसानों और सहकारी क्षेत्र की समितियों) को सभी गतिविधियों के केन्द्र में रखना। शाह ने कहा कि पारदर्शिता की कमी से सहयोग की भावना को 'नुकसान' पहुंचता है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के बिना समृद्धि नहीं हो आ सकती तथा प्रतिस्पर्धा में सहयोग कायम नहीं रह सकता। शाह ने कहा कि गुजरात में नमक सहकारी समिति की शुरुआत समेत दस पहलों की शुरुआत इस कार्यक्रम के दौरान शुरू की गईं है और इससे अमूल जैसे मजबूत ब्रांड का निर्माण होगा। गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र में दो लाख प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसी) का पंजीकरण, त्रिभुवन, पहले राष्ट्रीय सहकारिता विश्वविद्यालय की नींव रखी गई है और डेरी क्षेत्र में तीन नयी राष्ट्रीय सहकारी समितियों का निर्माण किया गया है।

# मंडी में बादल फटने के बाद पूरा परिवार लापता, केवल दस महीने की बच्ची जिंदा बची

**शिमला :** मंडी जिले के तलवारा गांव में बादल फटने की घटना में दस महीने की नितिका के परिवार के तीन सदस्य या तो बह गए या उनकी मृत्यु हो गई और वह संभवतः अपने परिवार की अकेली जीवित सदस्य रह गयी है। मंगलवार को जब गांव में बादल फटा तब बच्ची के 31 वर्षीय पिता रमेश कुमार अपने घर के अंदर घुस रहे पानी को रोकने की कोशिश कर रहे थे तभी बादल फटने से गांव में तबाही मच गई। उनका शव मलबे में मिला। नितिका की मां राधा देवी (24) और दादी पुर्णू देवी (59) रमेश की तलाश में निकल पड़ीं। दोनों महिलाओं का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पड़ोसी प्रेम सिंह ने बच्ची को अकेले रोते हुए देखा और उसे रमेश के चचेरे भाई बलवंत के पास ले गए। बलवंत पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर के निजी सुरक्षा अधिकारी हैं। बलवंत ने



'पीटीआई-भाषा' को बताया, बच्ची हमारे पास है। उन्होंने कहा कि उप-विभागीय मजिस्ट्रेट ने बच्ची के नाम पर बैंक खाता खोलने की पेशकश की है और यह खाता कल खोला जाएगा। बलवंत ने कहा, उन्होंने (एसडीएम ने) कहा कि बहुत सारी कॉल आ रही हैं और लोग इस त्रासदी के बारे में सुनने के बाद बच्ची की मदद के लिए आगे आ रहे हैं। बादल फटने से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र पवारा, थुनाग, बैदशाड़, कंडा और मुराद हैं। इन सभी पंचायतों में भारी तबाही हुई है, जहां सड़क, पानी और बिजली योजनाओं को काफी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि मंडी जिले में बादल फटने, अचानक बाढ़ और भूस्खलन की दस घटनाओं में अब तक चौदह लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 31 लापता लोगों की तलाश जारी है।

# पहचान छिपाकर व्यवसाय करना हर दृष्टि से गलत:स्वामी रामदेव



**हरिद्वार :** कांवड़ यात्रा मार्ग पर खान-पान की दुकानों पर अपना नाम प्रदर्शित किये जाने का समर्थन करते हुए योग गुरु बाबा स्वामी रामदेव ने रविवार को कहा कि पहचान छिपाकर व्यवसाय करना हर दृष्टि से गलत है। रामदेव ने यहां कहा कि उन्हें अपने हिंदू और सनातनी होने पर गर्व है, ठीक उसी तरह मुसलमानों को भी अपने मुसलमान होने पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने पूछा, ''आखिर क्या वजह है कि मुसलमान नाम छिपाकर कांवड़ यात्रा में व्यवसाय कर रहे हैं। पहचान छिपाना नैतिक और धार्मिक, हर दृष्टि से गलत है।'' रामदेव ने कहा कि यह तो ग्राहक को तय करना है कि वह किसकी दुकान पर जाएं। उन्होंने कहा, ''मुझे जैसे हिन्दू और सनातनी होने पर गर्व है उसी तरह से मुसलमानों को भी मुसलमान होने पर गर्व होना चाहिए।'' रामदेव ने कहा कि उनके (मुसलमानों के) भी पूर्वज हिंदू थे। महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों के साथ मारपीट किये जाने को योग गुरु ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि देश की राष्ट्रभाषा के साथ मराठी एवं अन्य भाषाओं का भी सम्मान किया जाना चाहिए लेकिन भाषा, जाति, वर्ग संप्रदाय एवं लिंग के आधार पर हिंदुओं को आपस में नहीं लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, ''इससे सनातन, राष्ट्रीय अखंडता और एकता को क्षति पहुंचती है। हम सभी को मिलजुल कर रहना चाहिए।''

# फडणवीस ने पॉडकास्ट 'महाराष्ट्र धर्म' की शुरूआत की, राज्य के विरासत को संरक्षित करने का आग्रह किया

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने रविवार को नागरिकों से राज्य के संतों और महापुरुषों द्वारा साझा किये गए ज्ञान को संरक्षित करने की अपील की तथा इसे एक जिम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र न केवल योद्धाओं की जन्म भूमि है, बल्कि धर्म के रक्षक, राष्ट्र के दूरदर्शी और आधुनिक भारत के निर्माता भी पैदा किए हैं। फडणवीस ने कहा, ''भले ही हम ज्ञानेश्वर, शिवाजी महाराज, सावित्रीबाई फुले और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के प्रत्यक्ष वंशज न हों, लेकिन हम उनकी बौद्धिक विरासत के वाहक हैं। अपने ज्ञान, बलिदान और साहस से उन्होंने इस राज्य को आकार दिया है।'' वह 'आषाढ़ी एकादशी' पर लॉन्च किये



गए अपने पॉडकास्ट 'महाराष्ट्र धर्म' की पहली कड़ी में बोल रहे थे। फडणवीस ने कहा, ''महाराष्ट्र के संतों और महापुरुषों की बौद्धिक विरासत को संरक्षित करना और उसे आगे बढ़ाना हमारा कर्तव्य है।'' उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र धर्म महज पुरानी यादें नहीं है, यह लोगों का नैतिक मार्गदर्शन है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''महाराष्ट्र धर्म यह समझना है कि हम कौन हैं और हम क्या बनना चाहते हैं।'' पहली कड़ी का शीर्षक था 'महाराष्ट्र धर्मः स्थापना और निर्माण', जिसमें रामायण और महाभारत से लेकर गौतम बुद्ध की शिक्षाओं और महाराष्ट्र की आध्यात्मिक यात्रा के विकास तक के विषयों को शामिल किया गया। फडणवीस ने कहा, ''महाराष्ट्र धर्म महज कोई धर्म नहीं है, यह नैतिकता की जीवंत संहिता है। यह हमें बुद्धिमानी से सोचने, सेवाभाव से काम करने और साहस के साथ खड़े होने का आग्रह करता है। संत ज्ञानेश्वर के उपदेशों से लेकर शिवाजी महाराज की तलवार तक, महात्मा फुले की बहादुरी से लेकर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के दृष्टिकोण तक, यह सिलसिला कभी नहीं टूटा। यह हमेशा आगे बढ़ता रहा है।''

# हिमाचल प्रदेश : मनाली में कार खाई में गिरी, चार लोगों की मौत



**मनाली(हिप्र) :** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में मनाली और रोहतांग दर्रे के बीच रानी नाले के पास रविवार को एक कार के सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से उसमें सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त मारुति ऑल्टो कार की पंजीकरण संख्या एचपी01के-7850 थी और उसके पास वैध रोहतांग परमिट था। उसने बताया कि सुबह हादसा हुआ और नाले के नजदीक कार फिसलकर खाई में गिर गई। हादसे के समय वाहन में पांच लोग सवार थे। राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा रोहतांग में व्यावसायिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद से प्रशासन प्रतिदिन इस मार्ग पर केवल सीमित वाहनों को ही परमिट प्रदान करता है। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान पंजाब के होशियारपुर निवासी रंजीत सिंह (31), हरविंदर सिंह (27) और कुल्लू निवासी एवं वाहन चालक नरेंद्र कुमार (34) के रूप में हुई है, जबकि एक मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। उसने बताया कि चारों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि होशियारपुर निवासी रवि कुमार (24) गंभीर रूप से घायल हो गया। यहां जारी एक बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दुखद सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

### उच्चतम न्यायालय प्रशासन ने केंद्र को पत्र लिखकर पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ से सरकारी आवास खाली कराने की मांग की

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय प्रशासन ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए यहां कृष्ण मेनन मार्ग स्थित भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के आधिकारिक आवास को खाली कराने के लिए केंद्र को पत्र लिखा है। उसने कहा है कि पूर्व प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ वहां निर्धारित अवधि से अधिक समय से रह रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय को एक जुलाई को भेजे गए पत्र में शीर्ष अदालत प्रशासन ने कहा कि भारत के वर्तमान प्रधान न्यायाधीश के लिए निर्दिष्ट आवास - कृष्ण मेनन मार्ग पर बंगला नंबर 5 - को खाली करा दिया जाए और उसे अदालत के आवास पूल में वापस कर दिया जाए।

# रेल मंत्री वैष्णव ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित



**नयी दिल्ली /कोलकाता/ ईटानगर :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि समावेशी विकास की उनकी दृष्टि भाजपा-नीत केंद्र की नीतियों में झलकती है। रेल मंत्री ने दिल्ली गेट स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। वैष्णव ने कहा कि मुखर्जी ने आधुनिक भारत को आकार देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा, ''डॉ. मुखर्जी ने उस समय भारतीय भाषाओं का समर्थन किया, जब अंग्रेजी का बोलबाला था। उनका मानना था कि अपनी मूल भाषा में सीखने से समझ बढ़ती है। यह दृष्टिकोण आज की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में परिलक्षित होता है, जिसमें हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाएं शामिल हैं।'' मंत्री ने कहा कि यह मुखर्जी का अनुच्छेद 370 के खिलाफ संघर्ष था, जिसके कारण अंततः 2019 में इसे निरस्त किया गया। उन्होंने कहा कि आज कश्मीर में सड़क और रेल विकास सहित इसे शेष भारत के साथ भावनात्मक और आर्थिक रूप से एकीकृत करने के प्रयास जारी हैं।

# एफ-35 लड़ाकू विमान की मरम्मत के लिए ब्रिटेन की इंजीनियरिंग टीम केरल पहुंची

## विमान को एमआरओ ले जाया गया

**तिरुवंतपुरम :** तकनीकी समस्या के कारण लगभग एक महीने से यहां फंसे ब्रिटिश रॉयल नेवी के एफ-35 लड़ाकू विमान को रविवार को मरम्मत के लिए निर्धारित स्थान पर स्थानांतरित किया गया। हवाई अड्डा के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि विमान की मरम्मत करने के लिए विशेष रूप से आई ब्रिटिश इंजीनियर की टीम खामी का आकलन करेगी। उन्होंने बताया कि ब्रिटेन से एक इंजीनियरिंग टीम ब्रिटिश रॉयल नेवी एफ-35बी लाइटनिंग लड़ाकू विमान का आकलन और मरम्मत करने के लिए रविवार को यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। ब्रिटिश उच्चायोग के प्रवक्ता ने हवाई



अड्डे पर इंजीनियरिंग टीम के पहुंचने की पुष्टि की। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''ब्रिटेन की एक इंजीनियरिंग टीम को एफ-35बी विमान का आकलन और मरम्मत करने के लिए तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भेजा गया है।''

# ठाकरे बंधुओं में हिम्मत है तो भोजपुरी बोलने पर मुझे महाराष्ट्र से निकालकर दिखाएं: दिनेश 'निरहुआ'



**मुंबई :** मराठी को लेकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के सड़क पर उतरकर मारपीट करने के बाद 'निरहुआ' के नाम से मशहूर अभिनेता और गायक दिनेश लाल यादव ने ठाकरे बंधुओं (उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे) को चुनौती दी है कि यदि उनमें हिम्मत है तो वे भोजपुरी बोलने के कारण उनको महाराष्ट्र से बाहर निकालकर दिखाएं। पलटवार करते हुए मनसे के एक नेता ने कहा कि अगर यादव में हिम्मत है तो उन्हें महाराष्ट्र का दौरा करना चाहिए। यादव ने समाजवादी पार्टी (सपा) के धर्मेंद्र यादव के खिलाफ आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र से 2024 का चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। यादव ने संवाददाताओं से कहा, ''मैं खुली चुनौती दे रहा हूं। मैं मराठी नहीं बोलता। मैं भोजपुरी बोलता हूं और महाराष्ट्र में ही रहूंगा। आप गरीब लोगों को क्यों निकाल रहे हैं? अगर आपमें हिम्मत है तो मुझे बाहर निकालिए। मैं आपको चुनौती दे रहा हूं, मुंबई में भी।'' उन्होंने भाषा को लेकर लोगों के बीच दरार पैदा करने के प्रयासों के पीछे गंदी राजनीति का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''देश की खूबसूरती भाषाओं की विविधता है और विभिन्न मातृभाषा बोलने वाले लोग सौहार्दपूर्ण तरीके से रह रहे हैं। आप इस खूबसूरती को नष्ट करना चाहते हैं।'' महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के नेता यशस्वी किलेदार ने यादव को चुनौती दी कि वे उत्तर प्रदेश में बैठकर इस तरह के बयान देने के बजाय महाराष्ट्र का दौरा करें।

# मुंबई: 1993 दंगों के मामले में 32 साल से फरार आरोपी वडाला से गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई में 1993 के सांप्रदायिक दंगों के मामले में पिछले 32 वर्षों से फरार एक आरोपी को महानगर के वडाला इलाके से गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। वडाला पुलिस थाने के अधिकारी ने उसकी पहचान आरिफ अली हशमुल्ला खान (54) के रूप में की। अधिकारी ने बताया, ''1993 के सांप्रदायिक दंगों के बाद, वडाला पुलिस थाने में खान के खिलाफ हत्या के प्रयास, गैरकानूनी ढंग से एकत्र होने और अन्य अपराधों से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसे बाद में स्थानीय अदालत ने भगोड़ा घोषित कर दिया था।'' उन्होंने कहा, ''पुलिस की एक टीम उत्तर प्रदेश गई, जहां वह मूल रूप से रहता है। वहां से मिले सुरागों और एक विशेष सूचना के आधार पर हमने शनिवार को वडाला ईस्ट के दीन बंधु नगर से खान को गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।''

# दलाई लामा ने मनाया अपना 90वां जन्मदिन, देश-दुनिया से मिली बधाई

**धर्मशाला :** दलाई लामा मंदिर 'सुगलागखांग' के मुख्य प्रांगण में रविवार सुबह भारी बारिश के बावजूद 14वें दलाई लामा का 90वां जन्मदिन मनाने के लिए हजारों लोग एकत्र हुए। यह आयोजन ऐसे वक्त हुआ है जब पिछले कुछ दिनों से यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि दलाई लामा संस्था को समाप्त कर दिया जाएगा। उनके जन्मदिन पर विभिन्न तिब्बती बौद्ध संप्रदायों के प्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों, विभिन्न देशों के नर्तकों और गायकों तथा दुनिया भर से बौद्ध धर्मावलंबियों ने भाग लिया। देश-विदश से आए नेताओं



ने भी इस आयोजन में भाग लिया और दलाई लामा तथा वैश्विक शांति एवं धार्मिक सद्भाव के प्रति उनकी सतत प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। समारोह में विशाल केक के सामने बैठे दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो ने कहा कि यह लोगों का प्यार है, जो उन्हें सभी प्राणियों की सेवा के मार्ग पर चलते रहने के लिए प्रेरित करता है।

# 'सुना भेषा' अनुष्ठान के लिए भगवान जगन्नाथ को करीब 208 किलोग्राम सोने के आभूषणों से सजाया जाएगा

**पुरी :** भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को रथों पर 'सुना भेषा' अनुष्ठान के दौरान 208 किलोग्राम सोने के आभूषणों से सजाया जाएगा। 'सुना भेषा', पुरी में वार्षिक रथ यात्रा उत्सव का एक अभिन्न अंग है। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने बताया कि देवताओं का 'सुना भेषा' अनुष्ठान रविवार को होगा और भक्त शाम साढ़े छह बजे से रात 11 बजे तक अनुष्ठान देख सकते हैं। मंदिर के सूत्रों के अनुसार, देवताओं को 30 अलग-अलग डिजाइन के आभूषण पहनाए गए हैं जिनमें सोना, हीरा, चांदी और अन्य कीमती धातुएं शामिल हैं। श्री जगन्नाथ संस्कृति के लेखक और शोधकर्ता भास्कर मिश्रा ने बताया, शुरुआत में, 1460 में राजा कपिलेंद्र देब के काल में लगभग 138 डिजाइन के आभूषण पहनाये जाते थे। आज भी इस अनुष्ठान में लगभग 208 किलोग्राम सोने के आभूषणों का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन, वे पूरी तरह से सोने के नहीं होते। आभूषण सोने, चांदी, हीरे और अन्य धातुओं के मिश्रण से बनाए जाते हैं। आभूषणों में सिर्फ सोने के वजन का कोई अलग से अनुमान नहीं लगाया गया है। उन्होंने बताया कि ओडिशा में ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन के दौरान 'सुना भेषा' में सोने के आभूषणों के इस्तेमाल के रिकॉर्ड उपलब्ध हैं, लेकिन अनुष्ठान में इस्तेमाल किए गए सोने के वजन का कोई उल्लेख नहीं है।

# रुपये पर तस्वीर के लिए टैगोर समेत कई नामों पर हुआ था विचार, महात्मा गांधी पर बनी थी सहमति

**नयी दिल्ली :** रुपये पर किसी प्रसिद्ध व्यक्ति की तस्वीर लगाने के लिए रबीन्द्रनाथ टैगोर, मदर टेरेसा समेत कई नामों पर विचार किया गया था लेकिन सहमति महात्मा गांधी के नाम पर बनी थी। उसी आम सहमति का नतीजा है कि नोट पर गांधी की तस्वीर लंबे समय से बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कामकाज पर बने एक वृत्तचित्र में यह कहा गया है। आरबीआई ने अपने कामकाज और भूमिकाओं को लोगों के सामने लाने के लिए हाल में जारी वृत्तचित्र के जरिये यह भी बताया है कि वह प्रिंटिंग प्रेस से देश के हर कोने में रुपये को पहुंचाने के लिए ट्रेन, जलमार्ग, हवाई जहाज समेत बड़ी परिवहन प्रणालियों का उपयोग करता है। यह पहली बार है जब आरबीआई के कार्यों को वृत्तचित्र के रूप में लाया गया है। 'आरबीआई अनलॉक्ड: बियॉन्ड द रुपी' शीर्षक से जारी पांच भागों वाली यह श्रृंखला जियो हॉटस्टार के साथ मिलकर पेश की गयी है। इसमें कहा गया है, ''बैंक नोट न केवल लेन-देन का साधन है, बल्कि देश की ताकत बयां करने के साथ संचार का प्रमुख जरिया भी है। आजादी से पहले ब्रिटिश भारत में रुपये पर उपनिवेशवाद और उससे जुड़े



ऐतिहासिक और राजनीतिक संदर्भों का जिक्र होता था। इसमें वनस्पति और जीव-जन्तुओं (बाघ, हिरण) की तस्वीर होती थी...।'' रुपये पर ब्रिटिश साम्राज्य की भव्यता को 'सजावटी हाथियों' और राजा के अलंकृत चित्रों के माध्यम से दर्शाया जाता था। आरबीआई के अनुसार, ''लेकिन जब भारत आजाद हुआ, धीरे-धीरे रुपये में छपी तस्वीरों में भी बदलाव आया। शुरू में रुपये पर अशोक स्तंभ के शेर के प्रतीक चिन्ह, चर्चित स्थलों आदि का उपयोग हुआ। धीरे-धीरे भारत के विकास और प्रगति के साथ रुपये ने चित्रों के माध्यम से विकास की कहानी को बयां करना शुरू किया।'' देश में विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति और हरित क्रांति की उपलब्धियों को नोट पर आर्यभट्ट और खेती करते किसानों आदि की तस्वीरों के जरिये बखूबी उकेरा गया। केंद्रीय बैंक ने कहा, ''बाद में यह महसूस किया गया कि अगर बैंक नोट पर किसी प्रसिद्ध व्यक्ति की तस्वीर हो तो उसे पहचानना आसान हो जाता है। नकली नोट का अगर डिजाइन ठीक नहीं है तो प्रसिद्ध व्यक्ति की तस्वीर से लोगों के लिए असली और नकली नोट की पहचान करना सरल हो जाता है।'' भारतीय संदर्भ में नोट के डिजाइन और सुरक्षा विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए कई ऐसी हस्तियां थी, जिनकी तस्वीर नोट पर आ सकती थी। इसके लिए रबीन्द्रनाथ टैगोर, मदर टेरेसा और अबुल कलाम आजाद समेत कई प्रसिद्ध लोगों पर विचार किया गया लेकिन अंततः सहमति महात्मा गांधी पर बनी।

# हिमाचल में राहत कार्य इसी तरह से होते रहे तो 20 साल में भी सत्ता में नहीं लौटेगी कांग्रेस: कंगना

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के बारिश प्रभावित मंडी का दौरा करने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद कंगना रनौत ने रविवार को कहा कि राज्य में राहत कार्य इसी तरह से होते रहे तो कांग्रेस आगामी 20 साल में भी सत्ता में नहीं लौटेगी। लोकसभा में मंडी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली कंगना ने कहा कि वह एक सांसद के रूप में केवल प्रधानमंत्री को ही स्थिति से अवगत करा सकती हैं। कंगना ने थुनाग पंचायत में कहा, मुझे लोगों की दुर्दशा देखकर बहुत दुख हुआ है। उन्होंने परिवार के सदस्यों को खो दिया है, मकान ढह गए हैं, कई लोग अब भी लापता हैं, लेकिन हम उन परिवारों को केवल सांत्वना दे सकते हैं जिन्होंने अपने परिजन को




खो दिया है, और अब राहत प्रदान करने का समय आ गया है। थुनाग पंचायत मंडी उन विभिन्न स्थानों में से एक है, जो मंगलवार को बादल फटने की घटना से प्रभावित हुए थे। बादल फटने, अचानक बाढ़ आने और भूस्खलन के कारण भारी तबाही हुई है, जिसके चलते 14 लोगों की मौत हो गई है और 31 लापता लोगों की तलाश जारी है। आपदा में 150 से अधिक मकान, 106 पशुशालाएं, 31 वाहन, 14 पुल और कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। कुल 164 मवेशी मारे गए हैं। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र के अनुसार, रविवार सुबह तक मंडी जिले में लगभग 200 सड़कों पर यातायात बंद कर दिया गया है जबकि 236 ट्रांसफार्मर और 278 आपूर्ति योजनाएं बाधित हुई हैं।

# West Bengal Garment Manufacturers & Dealers Association

Affiliated to : Bharat Chamber of Commerce Office : 54A, Zakaria Street, 5th Floor, Kolkata-73 Ph : 033-40699008/22680336 email : wbgmda@gmail.com

## 58th GARMENT BUYERS & SELLERS MEET

**7-8-9 July 2025**
**10 A.M. - 8 P.M.**

Science City (JBS Haldane Avenue) Kolkata

Inaugurators : Smt. Chandrima Bhattacharya, Minister of State for Finance, W.B. Shri Sujit Bose Minister of State for Fire & Emergency, Govt of W.B.
Shri Atin Ghosh Hon'ble Deputy Mayor, Kolkata Municipal Corporation

TITLE SPONSOR

tripti Kids Wear

**Chief Guests**

Shri Dilip Saha (Tripti Kids)
Shri Nirmal Jain (Evergreen)
Shri Prakash Banthia
(Trade Centre & Mahabir Textiles)
Shri Vinod Gupta (Dollar)
Shri Ram Kishan Rathi (Vico)
Shri Biram Prakash Sultania (A-First)
Shri Sanjay Saraf (M Bazaar)
Shri Manoj Gupta (Comfort Lady)
Surya Prakash Baid (City Bazar Metro)

**Special Guests**

Shri Mahavir Chowdhary (Baby 4ever)
Shri Navin Saraf (Q Industrial Park)
Shri Rajesh Agrawal (Teensy Weensy)
Shri Sanjay Sarda (Prism)
Shri Surajit Sen (Uno Kids)
Shri Kailash Agarwal (City Boy)
Shri Sashi Prakash Narsaria (CTAWA)
Shri Sushil Poddar (CWBTA)
Smt Rehana Khatoon (Councillor)
Shri Mahesh Sharma (Councillor)

POWER SPONSOR

EVER GREEN be positive get positive

TRADE CENTRE
MAHABIR TEXTILES

Shri Hari Kishan Rathi- President

Sri Vijay Kariwala- Sr. Vice President, Sri Pradeep Kr Murarka- Vice President, Sri Devendra Kumar Baid- Hony. Secretary
Sri Kanhiyalal Lakhotia-Treasurer, Sri Prem Kumar Sinhal- Jt. Treasurer Sri Rajendra Kumar Patwari- Imm. Past President

Executive Committee : Shri Amarchand Jain, Shri Manish Agarwal, Shri Kishore Kumar Gulgulia, Shri Manish Jain, Shri Manish Rathi, Shri Ashish Jhawar, Shri Mohit Dugar, Shri Sandip Raja, Shri Sourav Chandak, Shri Tarun Kumar Jhajharia, Shri Vikram Singh Baid, Co-opted Members : Shri Hari Prasad Sharma, Shri Vijay Agarwal, Shri Kamlesh Kedia, Shri Saket Kumar Khandelwal, Special.Invitees: Shri Chand Mal Ladha, Shri Bhuwan Arora, Shri Ajay Sultania, Shri Rajiv Kedia, Shri Sajjan Sharma, Shri Mayank Chowdhury, Shri Anil Somani

-: Associate Sponsorers :-

Medical Support

125TH ANNIVERSARY CELEBRATIONS — BHARAT CHAMBER OF COMMERCE ... serving Business, Bengal and Bharat since 1900

Kolkata Textile Agent Welfare Association

Baby4ever

INDUSTRIAL PARK

TEENSY WEENSY FASHION FOR TINY DUDES & DIVAS

EAST KOLKATA NAGRIK FOUNDATION

## -: PARTICIPANTS :-


वर्ष 10, पूर्णांक 3289 अंक 099, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in